# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, बुधवार 27 नवंबर 2024


### नॉन ट्रेड में भी कुछ राहत



*सितंबर में जब सीमेंट कंपनियों ने दाम बढ़ाए थे तो नॉन ट्रेड सीमेंट को 210 से बढ़ाकर 260 रुपए कर दिया था। सरकार के साथ बैठक होने के बाद भी दो बार में 30 रुपए ही दाम कम किए गए। इसके बाद सीमेंट कंपनियों ने यह कहते हुए हाथ खड़े कर दिए कि अब 230 रुपए से दाम कम करना संभव नहीं है। लेकिन अब कंपनियों ने सरकार के एक्शन के डर से नॉन ट्रेड में भी 5 से 10 रुपए दाम कम कर दिए हैं। सरकारी काम करने वाले ठेकेदारों के मुताबिक रायगढ़ में अब कीमत 225 रुपए और रायपुर में 220 रुपए हो गई है। इससे सरकारी काम करने वाले ठेकेदारों को कुछ राहत मिली है।*

**पहले के भी पांच रुपए बचे दाम किए कम, नॉन ट्रेड के दाम भी 5 से 10 रुपए किए कम**

# हरिभूमि की खबर का बड़ा असर : सीमेंट कंपनियां बैकफुट पर, वापस लिए बढ़े दाम, अब चिल्हर में कीमत 300 से नीचे

**कंपनियों ने सरकार की नहीं सुनी, बढ़ा दिए 15 रुपए तक सीमेंट के दाम**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

*भाव खा रही सीमेंट कंपनियां आखिरकार बैकफुट पर आ गईं। उसने बढ़े हुए दाम वापस ले लिए। छत्तीसगढ़ की सीमेंट कंपनियों ने बीते सप्ताह 10 से 15 रुपए दाम बढ़ा दिए थे, जबकि प्रदेश सरकार ने कंपनियां से साफ कहा है कि दाम बढ़ाने से पहले कारण बताते हुए मंजूरी लेनी होगी। इसके बावजूद कंपनियों ने मनमर्जी करते हुए दाम बढ़ा दिए। इस खबर को हरिभूमि ने जब 16 नवंबर के अंक में प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। अंततः कंपनियों ने जहां बढ़े दाम वापस लिए, वहीं सितंबर में बढ़ाए गए 50 रुपए दाम में से पहले 45 रुपए ही दाम कम किए थे, उसके बचे हुए पांच रुपए को भी कम कर दिया* ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सरकार से पूछे बिना बढ़ाए दाम, फिर वापस लिए

सीमेंट कंपनियों ने इस माह प्रदेश सरकार से पूछे बिना ही माह से तीसरे सप्ताह में दाम 5 से 15 रुपए तक बढ़ा दिए। इसके बाद जब हरिभूमि में खबर का प्रकाशन किया गया तो सीमेंट कंपनियों में इसको लेकर हड़कंप मच गया कि प्रदेश सरकार उन पर एक्शन ले सकती है। ऐसे में कंपनियों ने धीरे-धीरे करके अंततः बढ़े हुए 15 रुपए दाम वापस ले लिए हैं। इसी के साथ कंपनियों ने पहले के बढ़े हुए 50 रुपए के दाम में से जो पांच रुपए बचे थे, उसको भी वापस ले लिया है।

**सीएम साय की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक**

# 15 साल बाद लौट रही पांचवी-आठवीं बोर्ड परीक्षा, मंडल नहीं, विभाग लेगा एग्जाम

*प्रदेश में पांचवीं-आठवीं की परीक्षाएं एक बार फिर केंद्रीकृत स्वरूप में होंगी। शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने के बाद 15 वर्षों पश्चात यह हो रहा है, जब पांचवीं-आठवीं के विद्यार्थी बोर्ड परीक्षाएं दिलाएंगे। शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 में लाया गया था तथा इसे 2010-11 से प्रदेश में लागू किया गया था। इसके बाद से पहली से आठवीं कक्षा तक छात्रों को फेल करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इस पर मुहर लगी। बैठक में इसके अलावा कई और अहम फैसले लिए गए।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

गौरतलब है, बीते वर्षों में शिक्षा के अधिकार अधिनियम में संशोधन किया गया है। तत्पश्चात कई राज्यों ने 5वीं-8वीं में बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ कर दी। अब छग में भी यह व्यवस्था लागू होगी। स्कूल शिक्षा विभाग यह परीक्षा राज्य स्तर पर आयोजित करेगा। विस्तृत रूपरेखा विभाग द्वारा बनाई जाएगी। इसे मौजूदा सत्र से लागू किया जाएगा अथवा अगले सत्र से, यह अब तक स्पष्ट नहीं है।

बैठक में कई और महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा फ्री-होल्ड किए गए आवासीय भूखण्डों के लिए व्यपवर्तन ▶▶ शेष पेज 4 पर

### हाउसिंग बोर्ड से फ्री होल्ड जमीन को डायवर्सन टैक्स, अर्थदंड से छूट



### किसानों के हित में ये फैसले

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में राज्य में मक्का फसल तथा प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान अंतर्गत दलहन-तिलहन और रबी विपणन मौसम 2025-26 में चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन हेतु नेफेड एवं एनसीसीएफ को प्रोक्योरमेंट एजेंसी नियुक्त करने का निर्णय लिया गया। ▶▶ शेष पेज 4 पर

### हरित ऊर्जा विकास शुल्क समाप्त

छत्तीसगढ़ राज्य जल विद्युत परियोजना (पम्प स्टोरेज आधारित) स्थापना नीति 2023 में परियोजना विकासकर्ता को वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने की तिथि से प्रथम पांच वर्षों के लिए प्रति वर्ष 01 लाख रूपए प्रति मेगावाट की दर से लिए जाने वाले हरित ऊर्जा विकास शुल्क को समाप्त करने का निर्णय लिया गया। हरित ऊर्जा शुल्क में प्रत्येक पांच साल के बाद 25 प्रतिशत की वृद्धि का भी प्रावधान था, इसे भी समाप्त कर दिया गया है। इससे राज्य में जल विद्युत ▶▶ शेष पेज 4 पर

### हुडको से एमओयू, मिलेगी वित्तीय मदद

छत्तीसगढ़ राज्य में हाउसिंग एण्ड अर्बन डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड (हुडको) से आवास, नगरीय विकास एवं अन्य क्षेत्रों में सहायता प्राप्त करने हेतु समझौता ज्ञापन (एमओयू) के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य को हुडको द्वारा आगामी 5 वर्षों में एक लाख करोड़ रूपए तक की वित्तीय सहायता, परामर्श, क्षमता विकास सेवाएं प्रदान करने का प्रस्ताव दिया गया है।

**चार आरोपी गिरफ्तार, जनकपुर पुलिस ने की कार्रवाई**

# प्रधान पाठक, दो शिक्षक व डिप्टी रेंजर ने नाबालिग छात्रा से किया गैंगरेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़/जनकपुर

एमसीबी जिले के सुदूर वनांचल जनकपुर थानांतर्गत एक नाबालिग छात्रा के साथ गैंगरेप का मामला सामने आ रहा है। मामले में प्रधान पाठक, दो शिक्षक एवं डिप्टी रेंजर समेत 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चारों आरोपियों ने नाबालिग छात्रा को अपनी हवस का शिकार बनाया। पीड़िता के परिजन की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में लिया है।

पुलिस के अनुसार 26 नवंबर को पीड़ित छात्रा ने अपने परिजन के साथ जनकपुर थाना पहुंचकर बताया कि वह जनकपुर में एक किराए के मकान में रहकर पढ़ाई करती है। उसे पढ़ाई में सहयोग करने की बात को बोलकर शिक्षकों ने 15 नवंबर को दिन के 12 बजे ▶▶ शेष पेज 4 पर



### तीन शिक्षक निलंबित

छात्रा के अनैतिक कृत्य के मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रधान पाठक और शिक्षकों को निलंबित कर दिया है। डीईओ दफ्तर से जारी आदेश के अनुसार प्राथमिक शाला देवगढ़ के प्रधान पाठक रावेन्द्र सिंह कुशवाहा व दो अन्य शिक्षकों को सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के नियम में निहित प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय खड़गवां होगा।

### आरोपी गए जेल

विवेचना के दौरान पीड़िता ने बताया कि 15 नवंबर को कुशल सिंह परिहार, अशोक कुशवाहा, रावेन्द्र कुशवाहा ने उसके साथ दुष्कर्म किया एवं 22 नवंबर को पीड़िता को फारेस्ट स्टाफ के रूम में ले जाकर कुशल सिंह परिहार, अशोक सिंह ने बारी-बारी से दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने जुर्म करना स्वीकार कर लिया। ▶▶ शेष पेज 4 पर


अपनी ज़मीन को दें एक नई पहचान

Jio bp
You deserve more

Jio-bp के चैनल पार्टनर बनने का एक सुनहरा अवसर, जो भारत में निजी क्षेत्र की No.1 कंपनी Reliance Industries Ltd. और ऊर्जा के क्षेत्र में दुनिया की नामी कंपनी bp, के बीच एक संगठन है.




Jio-bp को तलाश है ऐसे प्रगतिशील व्यापारियों की जिनके पास हाइवे और शहरों में खुद की ज़मीन है

*चैनल पार्टनर बनने के लिए प्रमुख आवश्यकताएँ:

जमीन की आवश्यकता:
हाईवेज़ पर 3000 वर्ग मीटर, सिटी में 1200 वर्ग मीटर
अन्य सड़कों पर 2000 वर्ग मीटर

निवेश: ₹2+ करोड़
अन्य जानकारी के लिए यहाँ विज़िट करें: jiobp.com

QR स्कैन करें:

आवेदन करने के लिए – विज़िट: partners.jiobp.in | ई–मेल: jiobp.dealership@jiobp.com | भेजें: 'Hi' को 70217 22222 पर

हमारी ऑफरिंग्स

Fuels with International ACTIVE technology | Trans-Connect | Fuel4U | CleanNGreen | pulse | wildbean cafe | Refresh | RewardMeter | 4ever | Nitrofill | Flexipay | Castrol | Freight4U

महत्वपूर्ण सूचना: Reliance BP Mobility limited (RBML) डीलरशिप के आवंटन के लिए धन की मांग करके धोखा देने और धोखाधड़ी करने के उद्देश्य से बेईमान तत्वों द्वारा की गई कपटपूर्ण गतिविधियों की व्यापकता के बारे में जनता को सूचित करता है. RBML सर्वसाधारण को सावधानी बरतने और RBML या उसकी किसी सहयोगी या होल्डिंग या समूह कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने का दावा करने वाले ऐसे अनधिकृत व्यक्तियों/इकाईयों से कोई व्यवहार नहीं करने की सलाह देता है. यदि आपके सामने ऐसा कोई प्रकरण आए तो कृपया हमें CustomerCare.Petroleum@jiobp.com. पर लिखें. RBML या इसकी सहयोगी या होल्डिंग या समूह कंपनियाँ संचार के किसी भी माध्यम से, जो RBML द्वारा अधिकृत नहीं है, ऐसी धोखाधड़ी वाली गतिविधि(यों) का शिकार होने वाले किसी भी व्यक्ति के नुकसान/क्षति के लिए किसी भी तरह से उत्तरदायी नहीं होंगी. वास्तविक साइट यहां प्रदर्शित छवि से अलग हो सकती है.

भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित हुआ संविधान दिवस समारोह

# देश को आगे बढ़ाने में संविधान ने बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई : नड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित 'संविधान दिवस समारोह' के अवसर पर आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष, राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह एवं दुष्यंत गौतम, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल एवं वीरेंद्र खटीक, सांसद बांसुरी स्वराज सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, राष्ट्रीय प्रवक्ता, पार्टी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। नड्डा ने सभागार में उपस्थित सभी पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ भी दिलाई। नड्डा ने कहा कि देश



को आगे बढ़ाने में संविधान ने एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान सभा के ड्राफ्टिंग कमेटी के चेयरमैन के रूप में संविधान को एकरूपता प्रदान की। संविधान दिवस के अवसर पर डॉ राजेन्द्र प्रसाद और बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर को याद किया जाता है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहेब डॉ अंबेडकर ने संविधान के रूप में देश को सबसे बड़ा उपहार प्रदान किया। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम संविधान का सदुपयोग करते हुए देश को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दें। संविधान सभा ने ड्राफ्टिंग कमेटी की रिपोर्ट को 26 नवंबर 1949 को स्वीकार कर लिया था, लेकिन इस देश के नेतृत्व को संविधान दिवस मनाने में 65 साल लग गए, यह देश के नेतृत्व पर एक बड़ा प्रश्न खड़ा करता है।

## संविधान दिवस : केंद्रीय मंत्री साहू ने कार्यक्रम में लिया भाग



नई दिल्ली। संसद के चालू शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को संविधान सभा की ओर से संविधान को अंगीकार किए जाने के 75 साल पूरे हुए। इस मौके पर संविधान दिवस मनाया गया। संसद के सेंट्रल हॉल में दोनों सदनों का संयुक्त सत्र आयोजित हुआ। इसमें केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने भी भाग लिया। उन्होंने छत्तीसगढ़वासियों को संविधान दिवस की बधाई भी दी। गौरतलब है, भारत के संविधान को 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत किया गया था।

दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में संविधान रक्षक अभियान समारोह को किया संबोधित

# संविधान खत्म करना चाहती है भाजपा : राहुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

वरिष्ठ कांग्रेस नेता लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा पर संविधान को खत्म करने के प्रयास का आरोप लगाया। मंगलवार को संविधान दिवस के अवसर पर दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ उन्होंने संविधान रक्षक अभियान समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा, भाजपा चाहती है कि कुछ अरबपति देश को अपने नियंत्रण में रखें, इसलिए वह संविधान को खत्म करना चाहती है। जातिगत जनगणना और आरक्षण पर लगी 50 प्रतिशत की सीमा को खत्म कर इस नियंत्रण को तोड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा, भाजपा और आरएसएस जितनी भी कोशिश कर



लें, देश में जाति जनगणना कराई जाएगी और 50 प्रतिशत की सीमा हटाई जाएगी। मंच पर रोहित वेमुला की तस्वीर की ओर इशारा करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि वह बोलना चाहते थे, लेकिन उनकी आवाज दबा दी गई। राहुल गाँधी ने जैसे ही बोलना शुरू किया माइक बन्द हो गया। इस तकनीकी खामी पर सियासी मुलम्मा चढ़ाते हुए राहुल ने कहा, मुझे खामोश करने की लगातार कोशिशें हो रही हैं, मगर में अन्याय के खिलाफ चुप नहीं रहूँगा।

### बैलेट से चुनाव कराने की मांग की खड़गे ने

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग की है। उन्होंने बैलेट पेपर से चुनाव के लिए 'भारत जोड़ो यात्रा' की तरह ही देशव्यापी मुहिम शुरू करने का सुझाव भी दिया।



अपने संबोधन में कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती देते हुए कहा, बैलेट पेपर से चुनाव कराने पर पता चल जाएगा कि आप कहां खड़े हैं और आपकी क्या हालत है! कांग्रेस अध्यक्ष ने उद्योगपति अदाणी पर भाजपा की मदद करने का भी आरोप लगाया।

## खबर संक्षेप

### अब भाजपा शुरू कर रही झुग्गी टूरिज्म : केजरीवाल


नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को



भाजपा पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने भाजपा पर 'झुग्गी टूरिज्म' करने का आरोप लगाया है, जबकि पार्टी ने हाल के वर्षों में शहर में कई झुग्गियों को ध्वस्त किया है। केजरीवाल ने यह बयान आम आदमी पार्टी (आप) के स्थापना दिवस समारोह में दिया। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा 'झुग्गी टूरिज्म' कर रही है। उन्होंने कहा कि लोग गोवा में छुट्टियां मनाने जाते हैं, लेकिन भाजपा झुग्गीवासियों की गरीबी का मजाक बना रही है।

### ट्रंप के टैरिफ बढ़ाने वाले ऐलान पर आया चीन का जवाब

नई दिल्ली। अमेरिका में राष्ट्रपति के तौर पर डोनाल्ड ट्रंप की वापसी



से आने वाले समय में वैश्विक समीकरण बदलते नजर आएंगे। ट्रंप ने शपथ लेने से पहले ही अपने इरादे साफ कर दिए हैं। उन्होंने दो टूक कह दिया है कि देश की बागडोर संभालते ही चीन, कनाडा और मेक्सिको के खिलाफ बड़ा कदम उठाने जा रहे हैं। अब ट्रंप के इस बयान पर चीन ने भी प्रतिक्रिया दी है। वॉशिंगटन में चीन के दूतावास ने कहा है कि इस ट्रेड वॉर में न तो चीन और और न ही अमेरिका की जीत होगी।

### यूनान में नौका डूबी, छह बच्चों व दो महिलाओं की मौत

समोस (यूनान)। यूनान के समोस द्वीप से सटे समुद्र में प्रवासियों को ला रही एक नौका के डूब जाने से छह बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गयी। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। तटरक्षक बल ने बताया कि एक अन्य द्वीप पर एक अलग दुर्घटना में, 27 प्रवासियों के एक छोटी नाव में चढ़ने के दौरान एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। तटरक्षक बल ने बताया कि पहली दुर्घटना में बाल -बाल बच गये 36 लोग समोस में एक तट पर पाए गए।

लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने करवाया हमला, गोल्डी बरार ने पोस्ट लिखकर ली जिम्मेदारी

# रैपर बादशाह ने नहीं दी प्रोटेक्शन मनी तो नाइटक्लब में ब्लास्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लॉरेंस गैंग का नया कारनामा सामने आया है। उसने प्रोटेक्शन मनी (रंगदारी) न मिलने से नाराज होकर रैपर बादशाह के नाइट क्लब पर ब्लास्ट करवाया है। मंगलवार को चंडीगढ़ में दो क्लबों के बाहर बम ब्लास्ट हुए हैं, इनमें से एक क्लब के मालिक रैपर बादशाह हैं। इन दो क्लबों के बाहर हुए विस्फोटों की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई से जुड़े कनाडा बेस्ड गोल्डी बरार ने कथित रूप से सोशल मीडिया पोस्ट कर ली है। पुलिस के मुताबिक, चंडीगढ़ के सेक्टर 26 इलाके में एक 'बार' के बाहर मंगलवार को तड़के कम तीव्रता का विस्फोट हुआ। गोल्डी बरार की फेसबुक पोस्ट के अनुसार, वह और गिरोह का एक अन्य सदस्य रोहित गोदारा, सोमवार रात चंडीगढ़ में सेविले बार एंड लाउंज और डी ओर्रा क्लब के बाहर हुए विस्फोटों के लिए जिम्मेदार हैं। सेविले बार और लाउंज के मालिक रैपर बादशाह हैं, वहीं डी ओर्रा क्लब का संचालन स्थानीय बिजनसमैन द्वारा किया जाता है।




### कर्मचारियों की आंखो-देखी

पुलिस ने बताया कि इस विस्फोट में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में एक अज्ञात व्यक्ति बार-सह-लाउंज की ओर कुछ फेंकते हुए दिखाई दे रहा है तथा उसके बाद धुएं का गुबार उठता नजर आ रहा है। पुलिस ने बताया कि उसे तड़के करीब साढ़े तीन बजे इलाके से 'जोरदार आवाज' आने की सूचना मिली। वैसे डे'ओरा एलेहाउस एंड किचन रेस्टोरेंट के कर्मचारी पूरन ने समाचार न्यूज एजेंसी एएनआई को बताया कि हम जोरदार धमाका सुनकर बाहर आए। दरवाजे के शीशे टूटे हुए थे, जिसके बाद हमने पुलिस में शिकायत की। जब धमाका हुआ, तब रेस्टोरेंट के अंदर 7-8 कर्मचारी थे। कोई घायल नहीं हुआ। सीसीटीवी काम नहीं कर रहा है। घटना सुबह करीब 3:15 बजे हुई , जब रेस्टोरेंट बंद था।

### कान खोलने किए धमाके : गोल्डी

बादशाह ने पिछले साल दिसंबर में सेविले रेस्तरां खोला था। बादशाह सेविले के साथ सागो स्पाइसी सिम्फनी और साइडेरा के को-ओनर भी हैं। जानकारी के मुताबिक, बादशाह से प्रोटेक्शन मनी मांगा गया था, जिसे नहीं चुकाया गया था। गोल्डी बराड़ नामक फेसबुक प्रोफाइल द्वारा लिखा गया कि हां जी, शत श्री अकाल जी सभी को, जो सोमवार रात को दो धमाके हुए हैं। उसकी जिम्मेदारी मैं (गोल्डी बराड़ और रोहित गोदारा- लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप) ले रहे हैं। पहला, सेलेवाइल रेस्टोरेंट, जिसका ओनर रैपर बादशाह है। दूसरा, दे ओरा क्लब सेक्टर 36 चंडीगढ़, के ओनर को प्रोटेक्शन मनी के लिए मैसेज किया था। लेकिन इन्हें फोन की रिंग नहीं सुनाई दी। इनके कानों को खोलने के लिए ऐसा किया गया। जो भी हमारे कॉल को इग्नोर कर रहे हैं। वे भी समझ जाएं।

### मूसेवाला को भी बनाया था निशाना

*बता दें, पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला को भी ऐसे ही मारा गया था, पहले धमकी, फिर गोलीबारी। अब रैपर बादशाह को भी धमकी मिली है। बता दें लारेंस गैंग ने महाराष्ट्र के एनसीपी नेता बाबा सिद्धीकी की हत्या की भी जिम्मेदारी ली है।*

## राहुल की नागरिकता पर फैसला 19 को करेंगे : केंद्र

नई दिल्ली। यूपी के इलाहाबाद हाईकोर्ट में सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नागरिकता से जुड़ी याचिका पर सुनवाई हुई. इस दौरान केंद्र सरकार ने इलाहाबाद हाईकोर्ट से कहा कि वह इस पर विचार कर रहा है कि क्या राहुल गांधी की नागरिकता रद्द की जानी चाहिए। केंद्र 19 दिसंबर को अपने फैसले की जानकारी कोर्ट को देगा। भारत के डिप्टी सॉलिसिटर जनरल एसबी पांडे ने कोर्ट को बताया है कि मंत्रालय को राहुल गांधी की कथित ब्रिटिश नागरिकता के आधार पर उनकी नागरिकता रद्द करने की मांग करने की जानकारी मिली है और यह प्रक्रिया में है। इससे पहले लोकसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की नागरिकता को चुनौती देने वाली याचिका पर 24 अक्टूबर को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में सुनवाई हुई थी।

### यह है मामला

दरअसल, लखनऊ हाईकोर्ट में जो याचिका दायर की गई है उसमें राहुल गांधी के विदेशी नागरिक होने का दावा किया गया है। कोर्ट ने इस मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय से जानकारी हासिल करने का निर्देश दिया था। इससे पहले जुलाई 2024 में इसी याचिकाकर्ता एस विग्नेश शिशिर की याचिका को कोर्ट ने ये कहकर खारिज किया था कि वह चाहें तो सिटीजनशिप एक्ट के तहत सक्षम प्राधिकारी के पास शिकायत कर सकते हैं।

# बांग्लादेश में इस्कॉन धर्मगुरु की गिरफ्तारी से भारत नाराज

## कहा- शांतिपूर्ण सभा करने वालों पर चल रहे मुकदमे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बांग्लादेश में इस्कॉन के धर्मगुरु चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी पर भारत ने नाराजगी जाहिर की है। भारत के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी से हम चिंतित हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं, लेकिन शांतिपूर्ण सभाओं के जरिए सही मांगें करने वाले धार्मिक नेता के खिलाफ मुकदमे चल रहे हैं। वहीं, चटगांव की मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट ने मंगलवार को चिन्मय कृष्ण दास की जमानत याचिका भी खारिज कर दी। चटगांव कोर्ट के बाहर पुलिस ने चिन्मय प्रभु के समर्थकों




पर आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को भगाने के लिए रबर बुलेट्स का भी इस्तेमाल किया। चिन्मय प्रभु की गिरफ्तारी के विरोध में धरना प्रदर्शन करने आए लोगों को भी पुलिस ने हटा दिया। उधर, चिन्मय प्रभु ने कोर्ट परिसर में ही समर्थकों को संबोधित करते हुए कानून के मुताबिक आंदोलन जारी रखने का ऐलान किया। भारत ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के घरों और दुकानों में आगजनी और लूटपाट, देवताओं, मंदिरों को अपवित्र करने के कई मामले दर्ज हैं। हम दास की गिरफ्तारी के खिलाफ शांतिपूर्ण तरीके से विरोध कर रहे अल्पसंख्यकों पर हमले पर भी चिंता व्यक्त करते हैं।

### इस्कॉन ने की भारत से दखल की अपील

चिन्मय प्रभु की गिरफ्तारी पर भारत के बयान जारी करने से पहले बांग्लादेश के इस्कॉन ने भारत से इस मामले में दखल देने की मांग की थी। उन्होंने भारत सरकार से अनुरोध किया कि वे बांग्लादेश सरकार से बात करके यह बताएं कि इस्कॉन का दुनिया में कहीं भी आतंकवाद से कोई लेना-देना नहीं है। इस्कॉन ने बांग्लादेश सरकार से अपने नेता को तुरंत रिहा करने की मांग की है और कहा कि वे बस एक शांतिप्रिय भक्ति आंदोलन चलाते हैं।

# एक शख्स के लापता होने पर इंफाल में फिर बढ़ा तनाव

एजेंसी ▶▶| इंफाल

मणिपुर में पिछले डेढ़ साल से जारी हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। मंगलवार को कांगपोकपी की सीमा से लगे पश्चिमी इंफाल में एक 55 वर्षीय व्यक्ति के 24 घंटे से अधिक संय तक लापता रहने के बाद इलाके में तनाव बढ़ गया। लापता हुए व्यक्ति की पहचान लैशराम कमलबाबू सिंह के तौर पर की गई है। वह सोमवार दोपहर को कांगपोकपी के लीमाखोंग आर्मी कैंप में काम पर रिपोर्ट करने के लिए घर से निकले थे और तब से लापता है। उनका मोबाइल फोन भी बंद है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, उन्हें ढूंढने के लिए पुलिस और सेना का संयुक्त तलाशी अभियान जारी है। कमलबाबू के परिवार ने बताया कि वे राज्य की राजधानी से 16 किमी दूर स्थित और कुकी-बहुल क्षेत्रों से घिरे लीमाखोंग आर्मी कैंप में सेवक की नौकरी (मैनियल जॉब) करते थे। पिछले साल मई में हिंसा शुरू होने के बाद मैतेई समुदाय के लोगों ने इस इलाके को छोड़ दिया था। कमलबाबू को ढूंढने के लिए गांव से बड़ी संख्या में लोग उनके ठिकाने के बारे में जानने के लिए लीमाखोंग जा रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें कांटो सबल के पास ही रोक दिया।



# राज्यसभा की 6 सीटों के लिए उपचुनाव का ऐलान

## 20 दिसंबर को होगी मतगणना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने चार राज्यों की छह राज्यसभा सीटों के लिए उपचुनाव की तारीख का ऐलान किया है। इन सीटों पर मतदान 20 दिसंबर को होगा और मतगणना उसी दिन शाम 5 बजे से होगी। इनमें से 3 सीटें आंध्र प्रदेश की हैं। एक सीट ओडिशा की है। एक सीट पश्चिम बंगाल की है और एक सीट हरियाणा की है। यहां जानिए राज्यसभा उपचुनाव से जुड़ी जानकारी। बता दें कि सांसद वेंकटरमन हसा मोपिदेवी (आंध्र प्रदेश), बीदा मस्थान राव (आंध्र पदेश), आर. कृष्णैया (आंध्र प्रदेश), सुजीत कुमार (ओडिशा), जवाहर सरकार (पश्चिम बंगाल) व कृष्ण लाल पंवार (हरियाणा) अपनी सीट खाली कर रहे हैं।



### चार राज्यों की छह सीट

आयोग ने बताया, दिसंबर में छह राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव होने हैं। ये चुनाव चार राज्यों में होंगे (आंध्र प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और हरियाणा)। अधिसूचना जारी करने की तिथि: 3 दिसंबर, नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि: 10 दिसंबर, नामांकन की जांच: 11 दिसंबर, उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तिथि: 13 दिसंबर, मतदान की तिथि: 20 दिसंबर व मतों की गिनती: 20 दिसंबर को होगी।

संशोधन सूचना

रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा दिनांक 26 नवंबर 2024 को प्रकाशित विज्ञापन को संशोधित कर पुनः प्रकाशित किया जा रहा है। अतः इसे तदनुसार पढ़ा जाए।

सुनहरे मौके बार-बार नहीं आते

प्लॉट - आवासीय, व्यवसायिक, शैक्षणिक, डुप्लेक्स आवास, फ्लैट्स, दुकानें विक्रय हेतु उपलब्ध।

सीमित संख्या में...

निविदा सूचना

क्रमांक 15553 दिनांक : 25.11.2024

विक्रय योग्य सम्पत्तियां

| क्र. | योजना | संपत्ति का प्रकार | संख्या | संपत्ति का क्षेत्रफल (वर्गफुट में) | संपत्ति का मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कौशल्या माता विहार | आवासीय भूखण्ड (2000 वर्गफुट से कम) दर रू. 2177/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 4 | 822.4-1743.9 | रू.17,90,278 - रू. 37,96,383/- |
| | | आवासीय भूखण्ड (2000 वर्गफुट से ज्यादा) दर रू. 2072/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 24 | 2064.5-8836.3 | रू. 42,77,685 - रू.1,54,82,771/- |
| | | मिश्रित भूखण्ड - दर रु. 3710/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 1 | 9610 | रू.3,56,53,100/- |
| | | व्यावसायिक भूखण्ड - सेक्टर लेवल दर रु. 3630/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 15 | 757.07-788.7 | रू.27,48,154 - रू.28,62,876/- |
| | | डुप्लेक्स रो-हाऊस | 9 | 545-798.3 | रू. 24,60,767/- रू. 32,27,978/- |
| | | एल.आई.जी. फ्लैट्स (3 बी.एच.के.) सेक्टर-13 | 119 | 645 | रू. 19,00,000/- |
| | | एल.आई.जी. फ्लैट्स (2 बी.एच.के.) | 8 | 497 | रू.12,79,300/- |
| | | एल.आई.जी. फ्लैट्स (3 बी.एच.के.) | 7 | 645 | रू.15,30,100/- |
| PCG RERA NO. - 190618000236, Website :- https://rera.cgstate.gov.in | | | | | |
| 2 | इन्द्रप्रस्थ रायपुरा | 120 अपार्टमेंट (मल्टीस्टोरी फ्लैट्स) | 2 | 1008-1061 | रू. 21,30,000/- रू. 22,43,000/- |
| 3 | बोरियाखुर्द योजना | शैक्षणिक भूखंड- दर रु.415/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 1 | 27518 | रू. 1,14,19,970/- |
| | | दुकानें - दर रु. 4000/- प्रति वर्गफुट (लीज होल्ड) | 8 | 78-120 | रू. 3,13,760/- रू. 4,81,320/- |
| 4 | कठोरा तालाब योजना (सेक्टर-07 न्यू राजेन्द्र नगर) | भक्त माता कर्मा काम्प्लेक्स में दुकानें- दर रु. 5680/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 4 | 480-494 | रू. 27,26,400/- रू. 28,05,920/- |
| 5 | शैलेन्द्र नगर योजना | दुकानें (प्रथम तल) - दर रु. 6000/- प्रति वर्गफुट (लीज होल्ड) | 19 | 229-253 | रू. 13,74,000/- रू. 15,18,000/- |

● निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि - 26/11/2024 ● निविदा प्रपत्र विक्रय करने की तिथि - 26/11/2024 से 10/12/2024
● निविदा पूर्ण रूप भरकर जमा करने की अंतिम तिथि - 10/12/2024, दोपहर 2 बजे तक
● निविदा खुलने की तिथि - 10/12/2024, दोपहर 3 बजे

संपत्तियों का आवंटन निविदा के माध्यम से होगा। निविदा के नियम एवं शर्तें, उपलब्ध संपत्तियों का विवरण, निर्धारित ऑफसेट दर तथा आवेदन की जानकारी हेतु निविदा प्रपत्र रायपुर विकास प्राधिकरण के कार्यालय में रुपए 500/- का नगद भुगतान कर कार्यालयीन दिवसों व समय में प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र प्राधिकरण की वेबसाईट से भी डॉऊनलोड किया जा सकता है। डॉऊनलोड किए गए निविदा प्रपत्र के लिए राशि रु. 500/- निविदा पत्र जमा करने के समय अतिरिक्त रुप से देय होगा।

अति. मुख्य कार्यपालन अधिकारी

रायपुर विकास प्राधिकरण
भक्त माता कर्मा कॉम्प्लेक्स, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) 492006
वेबसाईट - https://rda.cgstate.gov.in, टोल फ्री नं. - 1800-233-7188

रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा संपत्ति विक्रय के लिए किसी एजेंट/ब्रोकर की नियुक्ति नहीं की गई है। इच्छुक आवेदक संपत्ति क्रय/खरीदने के लिए सीधे कार्यालय के मार्केटिंग शाखा से संपर्क करें।

जागो ग्राहक जागो

पूर्व पीएम का सरकार पर जनादेश चुराने का आरोप

# देशव्यापी विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसक हुआ इमरान की पार्टी का मार्च, छह सुरक्षाकर्मी मारे गए

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

पाकिस्तान में इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थकों की तरफ से इस्लामाबाद के लिए जा रही रैली को रोकने के दौरान शुरू हुई झड़पों में अब तक सुरक्षाबलों के छह जवानों की मौत हो चुकी है। इस हिंसा में 100 से ज्यादा जवान घायल भी हुए हैं। इन हालात के बीच पाकिस्तान सरकार ने अब इस्लामाबाद में सेना को तैनात कर दिया है और उसे उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने के आदेश भी दे दिए हैं। पूर्व पीएम इमरान खान ने सरकार पर चुराए गए जनादेश, लोगों की अन्यायपूर्ण गिरफ्तारी और 26वें संशोधन के पारित होने की निंदा करते हुए 24 नवंबर को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था। खान के समर्थक बड़ी संख्या में इस्लामाबाद तक मार्च निकालने के लिए एकत्रित हुए।



### सुरक्षाबलों की कड़ाई के बाद भड़की हिंसा

इमरान खान की रिहाई की मांग के साथ निकाले जा रहे इस मार्च में सुरक्षाबलों की कड़ाई के बाद हिंसा भड़क उठी। बड़ी संख्या में अर्धसैनिक बल और पुलिस के जवानों के घायल होने के बाद अब इस्लामाबाद में सेना को सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदर्शनों के दौरान इस्लामाबाद के श्रीनगर हाईवे में एक गाड़ी ने पाकिस्तान रेंजर्स को टक्कर मार दी। इसमें 4 जवानों की मौत हो गई। इसमें 5 जवान घायल भी हुए। दो पुलिसकर्मियों को भी चोटें आई हैं।

### पुलिसकर्मियों पर हमला निंदनीय: पीएम शरीफ



पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ का भी बयान सामने आया है। उन्होंने इस घटना में पुलिसकर्मियों की मौत की निंदा की है। वहीं, उन्होंने आदेश दिया कि दोषियों को पकड़ कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के नाम पर पुलिस अधिकारियों पर हमला करना निंदनीय है।

### न्याय के कठघरे में लाएंगे



गृहमंत्री मोहसिन नकवी ने कहा कि हिंसक प्रदर्शनकारियों को न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। इससे पहले सोमवार रात को पत्रकारों से बातचीत में नकवी ने कहा कि प्रदर्शनकारियों की तरफ से हमलों और पत्थरबाजी में 100 से ज्यादा सुरक्षाकर्मी घायल हुए। इनमें अधिकतर पुलिस के जवान हैं। इनमें एक वरिष्ठ एसपी रैंक का पुलिस अफसर भी शामिल है, जिन्हें सिर पर गहरी चोट आई है।

### सरकार क्रूर बल का उपयोग कर रही

*पीटीआई ने कहा कि वर्तमान फासीवादी सरकार द्वारा लगभग 20 लोगों को सीधे गोली मार दी गई है, जो नागरिकों को शासन के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के लिए पहुंचने से रोकने के लिए क्रूर बल का उपयोग कर रही है। सरकार ने दमन के हर तरीके का इस्तेमाल किया है, जिसमें एक्सपायर हो चुके आंसू गैस के गोले, रबर की गोलियां और स्टन ग्रेनेड शामिल हैं।*

रायपुर, बुधवार 27 नवंबर 2024 | अगहन कृष्ण पक्ष द्वादशी | वर्ष : 23, अंक : 131 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



राजनांदगांव के टेडेसरा से होकर दुर्ग के थनौद, उतई, पाटन होते हुए अभनपुर और आगे आरंग तक बननी है सिक्स-लेन

### यह है मुआवजे का नियम, इसे जानिए

**भूमि अधिग्रहण नियमः 2013 के तहत**

**गुणांक 1 :** इसके तहत हितग्राही से यदि 5 लाख कीमत की जमीन ली जाती है, तो उस कीमत के अलावा उतनी ही राशि यानी 5 लाख रुपए सोलेशियम के रूप में भी दी जाएगी। इस तरह उसे उस जमीन का मुआवजा 10 लाख दिया जाएगा।

**गुणांक 2 :** इसके तहत 5 लाख की यदि जमीन अधिग्रहित की जाती है तो उसके 10 लाख रुपए मिलेंगे और 10 लाख रुपए सोलेशियम होगा। इस तरह हितग्राही को उसी जमीन के 20 लाख रुपए मिलेंगे।

# भारतमाला सिक्सलेन पर मुआवजे का ब्रेकर
# पैसा चार गुना नहीं, मुसीबत दस गुनी


- 2281 करोड़ की लाइफ लाइन के लिए नहीं मिला मुआवजा
- किसानों को लगाने पड़ रहे प्रशासन एनएचएआई के चक्कर
- मुंबई से आने वाले वाहन दुर्ग-भिलाई के बजाय सीधे जाएंगे आरंग

### 2044 किसानों को मिलनी है 704 करोड़ की मुआवजा राशि

जानकारी के मुताबिक 92.5 किलोमीटर की इस 70 मीटर चौड़ी सड़क के लिए 2044 किसानों की जमीनों का अधिग्रहण किया गया है। 704 करोड़ रुपए की मुआवजा राशि जारी होनी है। इसमें 1577 करोड़ रुपए कंस्ट्रक्शन पर खर्च होने हैं। इसमें पुल, पुलिया, सड़क का निर्माण होना है। 70 मीटर सड़क के लिए अधिग्रहित की जा रही जमीन में से 40 मीटर में सड़क और डिवाइडर बनना है। शेष में से 15-15 मीटर जमीन को रिक्त रखा जाना तय किया गया है। सड़क का निर्माण शुरू हो चुका है। करीब 10 प्रतिशत काम भी हो चुका है। 2027-28 तक का सड़क निर्माण पूरा होने का दावा किया जा रहा है। इस न्यू लाइफ लाइन के बनने से भारी वाहन दुर्ग भिलाई की तरफ नहीं आएंगे। मुंबई की तरफ से आने वाले वाहन सीधे इस सिक्स लेन के जरिए बाहर ही बाहर आरंग पहुंच जाएंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भारतमाला परियोजना के अंतर्गत एनएचएआई-46 पर बन रह नई सिक्स लेन बाइपास के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा। 2281 करोड़ रुपए की इस नई लाइफ लाइन के लिए



किसानों को निर्धारित मुआवजा नहीं मिल पा रहा है। इसके कारण किसान प्रशासन, एनएचएआई से लेकर न्यायालयों के चक्कर काटने मजबूर हैं। भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2012 के बाद से लगातार इसमें संशोधन हुए हैं, अवार्ड पारित हुए हैं, लेकिन इसके बाद भी किसानों को निर्धारित दरों से मुआवजा भुगतान नहीं हो रहा है। हरिभूमि की पड़ताल में इसका ⏭ शेष पेज 4 पर

### स्वतंत्र एजेंसी से कराई जाए जांच

हमारी पुरखौती जमीन को हमने शासन को दिया है। हमें बड़े-बड़े सपने दिखाए गए। चार गुना मुआवजा की बात कही गई। कुछ दिन पहले ही अवार्ड पारित हुआ है, जिसमें चार गुना मुआवजा मिलना है, लेकिन इसमें भी शासन द्वारा 30 प्रतिशत की कटौती बिना किसी अधिसूचना के किया जाना तय किया गया है। इससे किसानों को तीन गुना ही मिल पाएगा। पहले भी कई तरह की परेशानियां दी गई हैं।

**- जेके वर्मा,** अधिवक्ता

### जल्द जारी होगा मुआवजा

नया अवार्ड पारित हुआ है, इसमें किसानों को मुआवजा निर्धारित नियमों के अनुरूप दिया जाना है। हमारे अनुभाग के 12 गांव के 500 किसानों को इसका फायदा होगा। मुआवजा राशि का आकलन किया जा चुका है।

**- हरवंश मिरी,** एसडीएम दुर्ग

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पीएससी-2024 की अधिसूचना जारी, 246 पदों पर होगी भर्ती



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने मुख्य सेवा परीक्षा-2024 के लिए आधिकारिक सूचना जारी कर दी है। इस बार पीएससी ने 246 पदों के लिए वेकैंसी निकाली है। प्रारंभिक परीक्षा 9 फरवरी 2025 को होगी। मुख्य ⏭ शेष पेज 4 पर

### आरबीआई गवर्नर बीमार, हालत स्थिर

**चेन्नई।** आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास को 'एसिडिटी' की परेशानी होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। अब उनकी



हालत स्थिर है। दास यहां अपोलो अस्पताल में चिकित्सकों की निगरानी में हैं। अपोलो अस्पताल के चिकित्सा सेवा निदेशक डॉ. आर. के. वेंकटसालम के अनुसार चिंता की कोई बात नहीं है।

### सड़क किनारे तंबू में घुसा ट्रक, पांच की मौत

**त्रिशूर।** केरल के त्रिशूल जिले में तड़के एक ट्रक के सड़क किनारे लगे तंबू में घुस गया। इससे वहां



सो रहे दो बच्चों समेत कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। हादसे में छह अन्य लोग घायल हो गए। खानाबदोश लोग नट्टिका में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे अपने तंबुओं में सो रहे थे।

### एस्सार समूह के शशि रुइया का निधन

**नई दिल्ली।** एस्सार समूह के सह-संस्थापक शशि रुइया का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह



80 वर्ष के थे। रुइया ने अपने भाई रवि के साथ मिलकर एस्सार की स्थापना की थी। वह करीब एक महीने पहले अमेरिका से इलाज करा लौटे थे। मंगलवार को दोपहर एक बजे से तीन बजे तक उनका पार्थिव शरीर रुइया हाउस में रखा गया।

### वैन-ट्रक की टक्कर चार महिलाओं की मौत

**सुरेंद्रनगर।** गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले में पिकअप वैन और ट्रक की आपस में टक्कर हो जाने से चार



महिलाओं की मौत हो गई। हादसे में 16 अन्य यात्री घायल हो गए। मृतकों की पहचान मगजीबेन रेथारिया (72), गलालबेन रेथारिया (60), मंजूबेन रेथारिया (65) और गौरीबेन रेथारिया (68) के रूप में हुई है।

## बिलासपुर से कटनी के बीच रेल यातायात पूरी तरह से बाधित

# बेपटरी हुए कोयला लोड मालगाड़ी के 22 वैगन, 6 ट्रेनें कैंसिल, कुछ के रूट बदले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोयला लोडेड मालगाड़ी मंगलवार की सुबह बिलासपुर से कटनी रूट की ओर रवाना की गई थी। सुबह 11.11 बजे खोंगसरा से ट्रेन रवाना होने के कुछ समय बाद इंजन से 10 नंबर के वैगन के बाद करीब 22 वैगन पटरी से उतर गए। एक-एक कर पटरी से वैगन के उतरने के कारण लोड किए गए कोयले अप और डाउन लाइन के अलावा लाइन के दोनों ओर बिखर गए। चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका और तत्काल इसकी सूचना कंट्रोल को दी। अप और डाउन लाइन पर कोयला और वैगन के गिरने के कारण दोनों लाइनों पर ट्रेनों का परिचालन बाधित हो गया।

सूचना मिलते ही दोपहर 12.20 बजे बिलासपुर रेलवे स्टेशन से एक एआरटी (ऑटोमेटिक रिस्टोरेशन ट्रेन) और स्पेशल ट्रेन में बिलासपुर वन मंडल के डीआरएम प्रवीण पाण्डेय सहित ऑपरेटिंग, एसएंडटी, ओएचई, इंजीनियरिंग और अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर रवाना हुए। अधिकारियों के मौके पर पहुंचने के बाद रेस्टोरेशन का कार्य शुरू किया गया। घटना के कारण कटनी से बिलासपुर और बिलासपुर से कटनी की ओर आने-जाने वाली यात्री ट्रेनों को गंतव्य स्टेशन से पहले ही नियंत्रित कर दिया गया था। घंटों इंतजार करने ⏭ शेष पेज 4 पर



*कोरबा से राजस्थान की ओर कोयला लेकर जा रही मालगाड़ी के 22 वैगन खोंगसरा से भनवारटंक स्टेशन के बीच अप लाइन पर पटरी से उतर गए। इसके कारण बिलासपुर से कटनी के बीच रेल यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। बेपटरी होने के कारण कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित करना पड़ा, साथ ही कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया।*

**रद्द की गई गाड़ियां**

1. 18258 चिरमिरी-बिलासपुर एक्सप्रेस।
2. 18257 बिलासपुर-चिरमिरी एक्सप्रेस।
3. 18242 अंबिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस।
4. 18241 दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस।
5. 27 नवंबर को 08740 बिलासपुर-शहडोल मेमू।
6. 27 नवंबर को 08739 शहडोल-बिलासपुर मेमू।

**खोंगसरा-भनवारटंक के बीच हुई घटना, कोरबा से जा रही थी राजस्थान**



**क्यों हुई दुर्घटना, जानकारी नहीं:** रेल अफसरों के अनुसार, कोरबा से कोयला लोड करने के बाद मालगाड़ी राजस्थान की ओर जा रही थी। खोंगसरा स्टेशन से रवाना होने के बाद और भनवारटंक स्टेशन पहुंचने से पहले मालगाड़ी के 22 वैगन पटरी से उतर गए। यह दुर्घटना क्यों और किस कारण हुई, इसकी जानकारी रेस्टोरेशन और लाइन ठीक होने के बाद ही मिल पाएगी।

**बदले रूट से चलने वाली ट्रेनें**

12854 भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया जबलपुर, गोंदिया होकर दुर्ग आएगी।

12853 दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया गोंदिया, जबलपुर होकर भोपाल जाएगी।

15159 छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस जबलपुर, गोंदिया होकर दुर्ग आएगी।

15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस गोंदिया, जबलपुर होकर भोपाल जाएगी।

20807 विशाखापट्टनम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया गोंदिया, जबलपुर, कटनी मुरवारा होकर अमृतसर जाएगी। ⏭ शेष पेज 4 पर

## 5967 पदों पर हो रहे फिजिकल टेस्ट

# आरक्षकों की भर्ती प्रक्रिया पर हाईकोर्ट की रोक



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाइकोर्ट ने आरक्षक संवर्ग 2023- 24 के अलग-अलग पदों पर होने वाली भर्तियों पर रोक लगा दी है। इस भर्ती प्रक्रिया के तहत राज्य के अलग अलग जिलों में आरक्षकों के अलग-अलग पदों पर भर्तियां होने वाली थीं। यह रोक जस्टिस राकेश मोहन पांडे की सिंगल बेंच द्वारा याचिकाकर्ता बेदराम टंडन की याचिका पर सुनवाई के बाद लगाई गई है।

- याचिका में केवल अपने विभाग के कर्मचारियों को छूट देने पर की गई आपत्ति

याचिकाकर्ता बेदराम टंडन द्वारा पेश की गई याचिका के अनुसार यह आरक्षक संवर्ग 2023-24 भर्ती प्रक्रिया का पूरा मामला है। जिसके तहत राज्य के सभी जिलों में अलग अलग पदों पर भर्ती होनी थी। इसमें याचिकाकर्ता ⏭ शेष पेज 4 पर

**परीक्षा के 5 इवेंट के 100 अंक के होंगे**

ध्यान रहे कि शारीरिक दक्षता की परीक्षा के 5 इवेंट 100 अंक के होंगे। इसमें पुरुष वर्ग में लंबी कूद के लिए 5 मीटर 50 सेमी या उससे अधिक के लिए 20 अंक दिया जाएगा। वहीं महिला वर्ग में लंबी कूद के लिए 4 मीटर 25 सेमी या उससे अधिक के लिए 20 अंक दिए जाएंगे। इसी तरह ऊंची कूद पुरुष वर्ग में 1 मीटर 50 सेमी तक या उससे अधिक और महिला वर्ग में 1 मीटर 20 सेमी या अधिक में 20 अंक है। गोला फेंक में पुरुष वर्ग 9 मीटर या अधिक, महिला वर्ग 8 मीटर और अधिक में 20 अंक मिलेंगे। ⏭ शेष पेज 4 पर

**इन पदों पर हो रही भर्ती**

| | | |
|---|---|---|
| आरक्षक जीडी | : | 5110 पद |
| वाहन चालक | : | 235 पद |
| ट्रेड्समैन | : | 623 पद |

**इन जगहों पर होना है फिजिकल टेस्ट**

5967 पदों पर भर्तियों को लेकर प्रथम चरण अंतर्गत अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच, शारीरिक नापजोख एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन होना है। इसके लिए रायपुर, धमतरी, दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर, रायगढ़, सूरजपुर, जगदलपुर एवं कोण्डागांव स्थान तय किया गया है।

# कसडोल के करीब पहुंचे 'बघवा' को फारेस्ट अमले ने दबोचा टाइगर रिजर्व में छोड़ा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर/कसडोल

कसडोल शहर के बिल्कुल एक किमी के दायरे में पहुंच गये बाघ को वन विभाग ने सफलतापूर्वक काबू पा लिया। यह वाकया कसडोल शहर से लगे ग्राम कोट का है। बाघ एक पैरे के ढेर में छिप गया था। वन विभाग की टीम पहुंची औा कुशलता से बाघ को ट्रैक्यूलाइज किया।

- अभियान इतनी कुशलता से किया गया कि बाघ को किसी तरह की चोट नहीं लगी

बाघ कुछ देर तक होश में रहा और पास ही के पेट्रोल पंप के पीछे की तरफ आ गया लेकिन उसे तेजी से बेहोशी आई और फिर उसे नियंत्रित कर लिया गया। बाघ के बिल्कुल शहर के पास आने से लोगों के लिए कौतूहल का विषय था कि इसे कैसे नियंत्रित किया जाएगा। वन विभाग के अमले ने इसकी योजना बनाई और बेहद सफलतापूर्वक यह कार्य संपन्न किया गया। बताया जाता है कि यह बाघ ओडिशा के रास्ते से बारनवापारा पहुंचा होगा। ⏭ शेष पेज 4 पर

**ट्रैक्यूलाइज कर किया गया काबू टाइगर रिजर्व में छोड़ा जाएगा**





### मिलेगा बेहतर परिवेश

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वन विभाग के अधिकारियों को बाघ के सफल रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को बाघों के संरक्षण और संवर्धन के लिए 'गुरू घासीदास-तमोर पिंगला टायगर रिजर्व' के रूप में एक नया टायगर रिजर्व मिल गया है। आंध्र प्रदेश के नागार्जुनसागर-श्रीशैलम टाइगर रिजर्व और असम के मानस टाइगर रिजर्व के बाद यह देश का तीसरा सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व बनाता है। इस टाइगर रिजर्व के बनने से बाघों को नैचुरल हैबिटेट में बेहतर परिवेश मिल पाएगा और इनके बेहतर संवर्धन के अवसर मिलेंगे।

# शिंदे का इस्तीफा, नए सीएम के लिए अभी और इंतजार!

एजेंसी ⏭ मुंबई

महाराष्ट्र के निवर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मंगलवार की सुबह मुलाकात कर उन्हें अपना इस्तीफा सौंप दिया। राज्यपाल ने शिंदे को नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण तक कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में सेवाएं देने को कहा है। सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन की भारी जीत के बाद अभी इस रहस्य से पर्दा उठना बाकी है कि महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री कौन बनेगा। महाराष्ट्र में भाजपा पर्यवेक्षक ⏭ शेष पेज 4 पर



### फडणवीस की दावेदारी शिंदे का भी दावा

माना जा रहा है कि सबसे ज्यादा सीटें पाने के नाते भाजपा से ही कोई मुख्यमंत्री बनेगा। मुख्यमंत्री के लिए देवेंद्र फडणवीस की सबसे मजबूत दावेदारी मानी जा रही है, लेकिन शायद एकनाथ शिंदे को ये मंजूर नहीं है। लिहाजा महायुति की ओर से मुहर नहीं लग पाई है।

### शिंदे ने लिखा-गठबंधन एकजुट

इस्तीफे से पहले सीएम एकनाथ शिंदे ने लिखा-मेरे प्रति प्यार के कारण कुछ लोगों ने सभी से एक साथ मिलकर मुंबई आने की अपील की है। मैं आपके प्यार के लिए दिल से आभारी हूं। लेकिन मैं अपील करता हूं कि कोई भी इस तरह से मेरे समर्थन में एक साथ न आए। जीत के बाद भी गठबंधन एकजुट रहेगा।

## पैन 2.0 परियोजना

# अब एक से अधिक पैन नहीं रख पाएंगे करदाता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पैन 2.0 परियोजना के तहत क्यूआर कोड आधारित उन्नत प्रणाली लागू होने से नकली कार्ड की पहचान आसान हो जाए। करदाता एक से अधिक पैन कार्ड नहीं रख पाएंगे। हालांकि, नई व्यवस्था शुरू होने पर भी मौजूदा पैन कार्ड वैध बने रहेंगे। सिर्फ कार्ड से संबंधित जानकारियों में कोई बदलाव होने पर ही पैन 2.0 कार्ड के लिए आवेदन करना होगा। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने कई बिंदुओं को स्पष्ट किया।




### 78 करोड़ पैन, 73.28 लाख टैन खाता

इस समय करीब 78 करोड़ पैन और 73.28 लाख टैन खाता मौजूद हैं। सीबीडीटी ने कहा कि पैन से संबंधित सेवाएं तीन अलग मंच- ई फाइलिंग पोर्टल, यूटीआईआईटीएसएल पोर्टल और प्रोटीन ई-गवर्नेंस पोर्टल पर मौजूद हैं।

## संविधान दिवस पर पुराने संसद भवन में खास समारोह

# अब संस्कृत और मैथिली में भी संविधान, खास सिक्का भी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारत के संविधान को अंगीकार किए मंगलवार को 75 वर्ष पूरे हुए हैं। इस अवसर पर संविधान दिवस का एक विशेष कार्यक्रम संविधान सदन (पुराने संसद भवन) के सेंट्रल हॉल में आयोजित किया गया। यहां राष्ट्रपति ने संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर 75 रुपए का एक विशेष सिक्का जारी किया। इस दौरान एक डाक टिकट भी जारी किया गया। संस्कृत और मैथिली में भारत के संविधान का विमोचन भी इस कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में से एक रहा। इस अवसर पर भारतीय संविधान की महिमा, इसके निर्माण और ऐतिहासिक यात्रा को दर्शाते हुए एक लघु फिल्म भी दिखाई गई। राष्ट्रपति ने मंगलवार 26 नवंबर को ⏭ शेष पेज 4 पर



### डाक टिकट और किताबों का विमोचन

संविधान सदन में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। इसके साथ ही मंगलवार को ही यहां राष्ट्रपति ने भारत के संविधान के संस्कृत और मैथिली संस्करण का संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में विमोचन किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को 'संविधान दिवस' के अवसर पर संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में संसद के दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित किया।

### पीएम बोले-देश की सुरक्षा को चुनौती देने वालों को मिलेगा करारा जवाब

इधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को संविधान को देश के वर्तमान और भविष्य का 'मार्गदर्शक' करार दिया। संविधान दिवस के मौके पर सुप्रीम कोर्ट में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने संविधान को एक जीवंत निरंतर प्रवाहमान धारा बताया जो समय-समय पर आपातकाल समेत अन्य चुनौतियों और देश की जरूरतों और उम्मीदों पर खरा उतरा है। उन्होंने 2008 में आज ही के दिन मुंबई में हुए आतंकवादी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि देश ने संकल्प किया है कि उसकी सुरक्षा को चुनौती दे रहे सभी आतंकवादी समूहों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

चिंतन

# बांग्लादेश और श्रीलंका की राह पर चल रहा पाकिस्तान

पाकिस्तान भी श्रीलंका और बांग्लादेश की राह पर चलता नजर आ रहा है। बदहाली से तंग आ चुकी जनता सत्ता पर काबिज आकाओं को बदलने का मूड बना चुकी है। पहले से ही बदहाल आर्थिक हालात, आतंकवाद और शिया-सुनी मुस्लिम तनाव के बीच उलझे पड़ोसी पाकिस्तान में सत्ता के खिलाफ नागरिकों के आंदोलन ने नई मुसीबत खड़ी कर दी है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर रविवार को जो हुआ उसके संकेत कतई सही नहीं हैं। इमरान खान के सैकड़ों समर्थक इस्लामाबाद में डी चौक पर पहुंच गए। पुलिस उन्हें रोकने के लिए आंसू गैस के गोले दागती रही। इसके जवाब में प्रदर्शनकारी पुलिस और सेना पर पत्थर फेंक रहे हैं। डी चौक इस्लामाबाद का सबसे हाई प्रोफाइल इलाका है। राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री ऑफिस, संसद भवन और सुप्रीम कोर्ट इसी इलाके में हैं। सेना ने शिपिंग कंटेनर रखकर राजधानी पहुंचने वाले हाईवे को ब्लॉक कर दिया था, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने लिफ्टिंग मशीन और कई भारी मशीनों की मदद से बैरिकेड्स तोड़ दिए। प्रदर्शनकारियों ने श्रीनगर हाईवे पर सुरक्षा बलों पर गाड़ियां चढ़ा दीं, जिसमें कुचलकर 4 सैनिक और 2 पुलिसकर्मी मारे गए। हिंसा में अब तक 100 से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल हो चुके हैं। ज्यादातर की हालत गंभीर है। हिंसा से निपटने के लिए धारा 245 लागू कर दी गई है। प्रदर्शनकारियों को देखते ही गोली मारने का आदेश दिया गया है। पाकिस्तानी सेना को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए किसी भी इलाके में कर्फ्यू लगाने का अधिकार दिया गया है। असल में आम चुनाव के दौरान पाकिस्तान में जो हुआ, उससे जनता खासी नाराज है। उस पर जेल में बंद इमरान खान के बयान आग में घी का काम कर रहे हैं। इमरान खान ने इसे आजादी की लड़ाई के रूप में पेश किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा है, 24 नवंबर गुलामी से मुक्त होने का दिन है। देश को यह तय करना होगा कि बहादुर शाह जफर की तरह गुलामी का जुआ पहनना है या टीपू सुल्तान की तरह आजादी का ताज। इमरान खान की पोस्ट से स्पष्ट है कि उनकी जिद टीपू सुल्तान की तरह आजादी का ताज पहनने की है। आर्थिक बदहाली से दो चार हो रहे पाकिस्तान पर यह आंदोलन महंगा साबित हो रहा है। विपक्ष के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों और लॉकडाउन से प्रतिदिन भारतीय मुद्रा में लगभग 6,000 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हो रहा है। साथ ही कारोबार भी नहीं चल रहे हैं जिससे लोगों को आर्थिक हानि भी हो रही है। निर्यात करने में भी काफी परेशानी आ रही है। पाकिस्तान के वित्त मंत्रालय के अनुसार आंदोलन के कारण हर दिन 144 बिलियन पाकिस्तानी रुपये का जीडीपी को, कृषि क्षेत्र में 20 बिलियन और औद्योगिक क्षेत्र में 26 बिलियन पाकिस्तानी रुपये का नुकसान हो चुका है। हालात ये हैं कि अभी आंदोलन और तेज हो रहा है। इस आंदोलन के दौरान पाकिस्तान में सर्वशक्तिमान सेना का भयावह मिथक सार्वजनिक रूप से ध्वस्त हो होता नजर आ रहा है। इसमें दरारें दो साल पहले तब दिखनी शुरू हो गई थी, जब हज़ारों पाकिस्तानियों ने एक अपदस्थ प्रधानमंत्री के साथ रैली निकाली, जिन्होंने राजनीति पर जनरलों की मज़बूत पकड़ के ख़िलाफ़ आवाज़ उठाई थी। एक साल बाद, गुस्साई भीड़ ने सैन्य प्रतिष्ठानों पर धावा बोल दिया और उन्हें आग के हवाले कर दिया। अब जनता में सेना के प्रति गुस्सा दिख रहा है। हैरानी नहीं होगी अगर अगले कुछ दिनों में यह खबरें आए कि श्रीलंका और बांग्लादेश की तरह पाकिस्तान में भी जनता ने सत्ता परिवर्तन कर दिया।

विश्व सहकारिता सम्मेलन
विवेक शुक्ला



# सहकारिता आंदोलन को देती गति सरकार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को राजधानी में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का शुभारंभ और स्मारक डाक टिकट भी जारी किया। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाने का फैसला दुनियाभर के करोड़ों गरीबों व किसानों के लिए आशीर्वाद सिद्ध होगा। यह संयोग ही है कि हजारों साल से सामुदायिक जीवन जी रहा भारत अब जाकर तरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) के सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। 19 अगस्त 1895 को आईसीए का पहला सम्मेलन लंदन में हुआ था, तब इंग्लैंड, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, इंग्लैंड, डेनमार्क, फ्रांस, जर्मनी, हॉलैंड के साथ भारत के सहकारी प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। भारत लगभग 128 साल बाद वैश्विक सहकारी सम्मेलन का नेतृत्व कर रहा है। यह तब और महत्वपूर्ण हो जाता है, जब संयुक्त राष्ट्र ने 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित कर रखा है। बेशक, इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी और सहकारिता मंत्री अमित शाह को श्रेय दिया जाना चाहिए, जिन्होंने भारत के सहकारी क्षेत्र का पुनरुत्थान कर दिया है। प्राथमिक कृषि ऋण समितियों को सशक्त बनाने, उन्हें डिजिटल इंडिया से जोड़ने, ई-गवर्नेंस लागू करने और समितियों को आसान वित्तीय सेवा प्रदान करके ग्रामीण भारत और किसानों की आर्थिक उन्नति में योगदान के जरिये समृद्ध भारत की कल्पना को साकार करने की दिशा में मोदी सरकार ने कदम आगे बढ़ाया है। यही नहीं भारत की सहकारी समितियां स्थायी कृषि में भी योगदान दे रही हैं साथ ही प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही हैं और नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों की खोज कर रही हैं। मोदी यह भी लक्ष्य कर रहे हैं कि किसानों की आय दोगुनी करने में सहकारिता क्षेत्र से सबसे ज्यादा योगदान लिया जाए। मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों का लक्ष्य रखा था, उसमें सहकारी क्षेत्र को आत्मनिर्भर एवं व्यापक बनाने का भी कार्यक्रम भी शामिल था। पिछले दिनों ही अमित शाह ने 2 लाख नए डेयरी एवं मत्स्य सहकारी समितियों के गठन की घोषणा के साथ श्वेत क्रांति 2.0 का शुभारंभ किया और यह दावा भी किया कि श्वेत क्रांति में महिलाओं की आत्मनिर्भरता एवं सशक्तिकरण के साथ कुपोषण के खिलाफ लड़ाई भी मजबूत होगी। दुग्ध उत्पादन में भारत को शीर्ष पर बनाये रखने के साथ अमित शाह इसे किसानों की आय का प्रमुख स्त्रोत बनाने में जुटे हैं। इस बीच एक बड़ी उपलब्धि यह हुई है की अब डेयरी से जुड़ी कोई भी मशीनरी विदेश से आयात करने की जरूरत नहीं पड़ रही है। इसका 100 फीसदी उत्पादन भारत में ही होने लगा है। यही नहीं दो लाख प्राथमिक सहकारी समितियों के पंजीकृत हो जाने के बाद एक भी पंचायत ऐसी नहीं बचेगी जहां पैक्स, डेयरी या मत्स्य सहकारी समितियां नहीं होंगी। तो क्या मोदी सरकार अपने इस कार्यकाल में किसानों की आय वास्तव में दोगुनी करने में सफल होगी? इस समय देश के 29 प्रमुख क्षेत्रों में सहकारी संस्थाएं काम कर रही हैं, आठ लाख से ज्यादा रजिस्टर्ड संस्थाएं हैं। गुजरात, आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ और असम जैसे राज्य में सबसे सहकारी संस्थाओं की संख्या ज्यादा है। इस समय भारतीय सहकारी क्षेत्र दुनिया के सबसे बड़ा है। देश के लगभग 30 करोड़ से अधिक लोगों सहकारिता के सदस्य हैं। देश की 20 प्रतिशत से अधिक आबादी सीधे इससे लाभान्वित है। दुनिया की जिन 300 सबसे बड़ी सहकारी समितियों का टर्नओवर सबसे ज्यादा है, उनमें से 15 भारत की हैं। भारत का इफ्को 72वें स्थान पर, अमूल 90वें स्थान पर है। नई प्रौद्योगिकी के जरिये कामकाज में पारदर्शिता लाना और सहकारी समितियों की बाज़ार हिस्सेदारी में बढ़ोतरी के लिए आवश्यक वित्त की व्यवस्था करना बहुत आवश्यक है। 2024 के बजट में सहकारी क्षेत्र के विकास के लिए एक व्यवस्थित और सर्वांगीण नीति की घोषणा की गई और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में तेज़ गति प्राप्त करने के लिए 1.54 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया। मोदी सरकार नेसहकारी क्षेत्र के लिए कई सुधार और प्रोत्साहन की योजनाएं शुरू की है। जैसे 1 से 10 करोड़ रुपये की आय वाली सहकारी समितियों के लिए सरचार्ज 12 से घटाकर 7 प्रतिशत कर दिया गया। सहकारी समितियों के लिए एमएटी 18.5 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत किया गया ताकि सहकारी समितियों और कंपनियों के बीच समानता रहे। मोदी और शाह ने सहकारी समितियों के पारिस्थितिकी तंत्र को बदलने का जो अभियान शुरू किया है, उम्मीद की जानी चाहिए कि यह ग्रामीण भारत की तक़दीर बदलने में कामयाब होगा।

((लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



विश्लेषण
डॉ. अश्वनी महाजन

# चुनौतियों के हल का मंच बने जी-20

**जी-20 सम्मेलन में 'वसुधैव कुटुम्बकमं' के आधार पर 'एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य' के ध्येय वाक्य ने जैसे वैश्विक स्तर पर चल रहे विवादों, संघर्षों, समस्याओं, मुद्दों को जैसे एक सूत्र में पिरो दिया था। जी-20 सम्मेलन में ब्राजील के राष्ट्रपति ने सदस्य राष्ट्रों को अपने पर्यावरण लक्ष्यों को बढ़ाने का आह्वान किया। जी-20 हो या ब्रिक्स सम्मेलन, वैश्विक स्तर पर इनके बढ़ते महत्व को समझते हुए कूटनीति विशेषज्ञ इन्हें महत्वपूर्ण वैश्विक मंच मानने लगे हैं। युद्ध, आर्थिक चुनौतियों विभिन्न संघर्षों के समय में मंचों का उपयोग विश्व शांति, पर्यावरणीय, प्रौद्योगिकी से जुड़ी समस्याओं के हल के लिए इन मंचों का अधिकतम इस्तेमाल वक्त की मांग है।**

पिछले वर्ष भारत ने जी-20 समूह के अध्यक्ष के नाते जी-20 सम्मेलन आयोजित किया था। कई मायनों में यह सम्मेलन अभूतपूर्व था। खासतौर पर वैश्विक स्तर पर चल रहे विवादों, संघर्ष और युद्ध के वातावरण के बावजूद आम सहमति से घोषणा पत्र जारी किया गया। भारत से पूर्व इंडोनेशिया ने इसकी अध्यक्षता संभाली थी, लेकिन उस समय अंतिम घोषणा पत्र में रूस-यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में रूस की आलोचना की गई थी। जी-20 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट में अस्तित्व में आया था। भारत में जी-20 सम्मेलन बहुत धूमधाम से आयोजित किया गया। इसकी न सिर्फ भौतिक तैयारियां, बल्कि बौद्धिक तैयारियां भी पूरी गंभीरता से की गई थीं। 2023 के सम्मेलन में भारत द्वारा रूस के बारे में कुशलतापूर्वक न केवल विवादास्पद भाषा से बचा जा सका, बल्कि विश्व के समक्ष उपस्थित मुद्दों, खासतौर पर बहुपक्षीय विकास बैंकों समेत वैश्विक वित्तीय संस्थानों में पूंजीगत संरचना में बदलाव, क्रिप्टो करेंसी, वैश्विक ऋण संबंधी समस्याओं का प्रबंधन, मौसम परिवर्तन से जुड़े वित्तीयन के मुद्दे आदि, सभी पर खुली चर्चा का मार्ग भी प्रशस्त हुआ।

'वसुधैव कुटुम्बकमं' के आधार पर 'एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य' के ध्येय वाक्य ने जैसे वैश्विक स्तर पर चल रहे विवादों, संघर्षों, समस्याओं, मुद्दों को जैसे एक सूत्र में पिरो दिया था। ब्राजील की राजधानी रियो में सम्पन्न जी-20 सम्मेलन में इन विषयों को आगे ले जाने की एक विशेष चुनौती थी, इसलिए ब्राजील के जी-20 सम्मेलन में हुई चर्चाओं और सहमतियों को उस आलोक में भी देखना महत्वपूर्ण है। रियो, ब्राजील में सम्पन्न सम्मेलन का थीम रहा 'एक न्यायपूर्ण विश्व और एक धारणीय ग्रह'। जी-20 सम्मेलन में ब्राजील के राष्ट्रपति लुला डी सिलवा ने कहा कि जी-20 सम्मेलन 2024, पिछले वर्ष की भारत की अध्यक्षता से प्रेरित रहा और भारत की सम्मेलन को आयोजित करने की कुशलता को प्राप्त करने की कोशिश इस सम्मेलन में की गई है। जी-20 सम्मेलन में ब्राजील के राष्ट्रपति ने सदस्य राष्ट्रों को अपने पर्यावरण लक्ष्यों को बढ़ाने का आह्वान किया। जी-20 सम्मेलन के घोषणा पत्र में पर्यावरण वित्तीयन पर गतिरोध खत्म करने की जरूरत पर बल दिया, लेकिन उसके समाधान के बारे में स्पष्ट मार्गदर्शन देने में यह घोषणा पत्र असफल रहा। समझना होगा कि पर्यावरण वित्तीयन पर यह गतिरोध लगातार बना हुआ है, जो न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि ग्लोबल वार्मिंग और मौसम परिवर्तन जैसे अत्यंत गंभीर मुद्दों पर विकसित देशों की असंवेदनशीलता भी दर्शाता है। हालांकि सम्मेलन का घोषणा पत्र यह कहता है कि पर्यावरणीय वित्त को सभी स्त्रोतों से अरबों से खरबों डॉलर तक तेजी से और पर्याप्त रूप से बढ़ाना जरूरी है, इसके बारे में ठोस रणनीति या संवेदनशीलता कहीं दिखाई नहीं देती। जी-20 सम्मेलन के पहले सत्र, जिसका मुद्दा 'भुखमरी और गरीबी के खिलाफ एकजुटता था', को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "भारत ने 10 साल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है, 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दे रहे। 55 करोड़ लोग फ्री




हेल्थ बीमा का लाभ उठा रहे। किसानों को 20 बिलियन डॉलर (168 हजार करोड़ रुपये) दिए। भारत वैश्विक खाद्य सुरक्षा में योगदान दे रहा है। हाल में ही मलावी, जाम्बिया और जिम्बाबे में मदद पहुंचाई है।"

प्रधानमंत्री के भाषण में पिछले सम्मेलन के थीम एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य का जिक्र आया और उन्होंने इसे इस सम्मेलन के लिए भी उतना ही प्रासंगिक बताया। यही नहीं उन्होंने जी-20 सम्मेलन अफ्रीकी यूनियन को शामिल करने की बात को भी रखा। समझना होगा कि यह जी-20 के लिए एक मील का पत्थर था। प्रधानमंत्री ने कहा कि युद्ध के कारण दुनिया में खाद्य, तेल और उर्वरक का संकट पैदा हुआ है और विकासशील राष्ट्रों (ग्लोबल साऊथ) पर इसका असर सबसे ज्यादा हुआ है। प्रधानमंत्री के भाषण में यह भी रेखांकित किया गया कि जी-20 की चर्चा तभी सफल होगी, जब हम ग्लोबल साऊथ की चुनौतियों और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखा जाएगा। यही नहीं जी-20 सम्मेलन 2024 में पर्यावरणीय वित्त पर कोई ठोस बात नहीं हो पाई। पर्यावरण के विषय से जुड़े लोग इस बात को लेकर भी चिंतित हैं कि जीवाश्म ईंधन के उपयोग को कम करने संबंधी भी कोई बात घोषणा पत्र में नहीं आ पाई। गौरतलब है कि जीवाश्म ईंधन के उपयोग को समाप्त करने संबंधी मुद्दे पर विश्व में एक मत नहीं है। जहां भारत सरीखे देश इस बात पर जोर दे रहे हैं कि केवल कोयले के उपयोग को कम करने पर ही नहीं, बल्कि पेट्रोलियम तेल के उपयोग करने पर भी उतना ही बल दिया जाना चाहिए, लेकिन अमेरिका और अरब देशों समेत अधिकांश विकसित देश भी चतुराई से केवल कोयले के उपयोग को कम करने की वकालत कर रहे हैं। उधर दुबई में आयोजित कॉप-28 सम्मेलन में देशों ने जीवाश्म ईंधनों के उपयोग को कम करने पर सहमति दर्शाई थी, लेकिन पर्यावरण से जुड़े कार्यकर्ताओं को लगता है कि जी-20 घोषणा पत्र में जीवाश्म ईंधनों के उपयोग के बारे में बात नहीं आने से कॉप-29 यह मुद्दा और कमजोर हो जाएगा। किसी भी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भारत का नेतृत्व केवल सम्मेलन तक सीमित नहीं रहता। सम्मेलन के साथ-साथ यह एक अवसर भी होता है कि अन्य मुल्कों के साथ महत्वपूर्ण मुददों पर बातचीत हो, कुछ अनसुलझे मुददे सुलझाए जाएं। इस मौके पर भारत के प्रधानमंत्री एवं प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने इस मौके का बखूबी इस्तेमाल किया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केवल ब्राजील के राष्ट्रपति ही नहीं, बल्कि इटली की प्रधानमंत्री जियोजिया मैलोनी के साथ मिलकर प्रतिरक्षा, सुरक्षा, व्यापार और प्रौद्योगिकी जैसे मुददों पर बातचीत की गई। इंग्लैंड के प्रधानमंत्री कीर स्टॉर्मर के साथ भी प्रौद्योगिकी, हरित ऊर्जा, सुरक्षा, नवाचार जैसे मुद्दों पर बातचीत हुई। इसके अलावा फ्रांस, नार्वे, पुर्तगाल और इंडोनेशिया के नेताओं के साथ भी द्विपक्षीय बातचीत हुई। एक अन्य दिलचस्प बात भारत और चीन की द्विपक्षीय वार्ता की हुई, जिसमें चीन के प्रदेश मंत्री के साथ भारत के विदेश मंत्री जयशंकर की बातचीत रही। भारत-चीन सीमा पर दो विवादास्पद ठिकानों पर सेनाओं के पीछे हटने के फैसले के बाद यह पहली बार हुआ कि चीन के साथ सीमा विवादों पर कोई सरकारी बातचीत हुई हो। समझा जा सकता है कि इससे भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंध बेहतर होंगे।

ऐसा लगता है कि पिछले सालों में जी 20 सम्मेलन का महत्व बढ़ता जा रहा है और विभिन्न देश इस सम्मेलन में शासनाध्यक्ष विभिन्न मुद्दों पर आम सहमति बनाने का कर रहे हैं। जी-20 हो या ब्रिक्स सम्मेलन, वैश्विक स्तर पर इनके बढ़ते महत्व को समझते हुए कूटनीति विशेषज्ञ इन्हें महत्वपूर्ण वैश्विक मंच मानने लगे हैं। युद्ध, आर्थिक चुनौतियों विभिन्न संघर्षों के समय में मंचों का उपयोग विश्व शांति, पर्यावरणीय, राजकोषीय चुनौतियों, प्रौद्योगिकी से जुड़ी समस्याओं के हल के लिए इन मंचों का अधिकतम इस्तेमाल वक्त की मांग है।

(लेखक डीयू के पूर्व प्रोफेसर,हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।


## ज्ञान का अभिषेक



संकलित
दर्शन

अखिल ब्रह्मांड ईश्वर का स्वरूप है। श्रावण मास में बरस रही जलधारा ही ऐसी प्रतीत होती है मानो प्रकृति इस धरा का अभिषेक कर रही है। प्रकृति के इसी कृत्य का अनुकरण हम मानव भी करते हैं। श्रावण मास में हम भी शिवलिंग पर जल चढ़ा कर अपने आपको ईश्वर के उसी कृत्य के साथ जोड़ लेते हैं। ईश्वर अथवा प्रकृति के गुणों को अपनाना सदाचार है। श्रावण मास हमें यह अवसर देता है। जल जीवन है और यह धरती को पुनर्जीवित करता है। वर्षा से प्रकृति पनपती है। तपती हुई धरती पर जब वर्षा होती है तो उसे शीतलता का आभास होता है। वनस्पतियां उगने लगती हैं। पेड़ों पर नए पत्ते लगने लगते हैं। जैसे श्रावण में लोगों को गर्मी से राहत मिलती है, वैसे ही ज्ञान के श्रवण से मन को पीड़ा और बेचैनी से राहत मिलती है। श्रावण में लोग एकत्रित होकर ज्ञान-श्रवण करते हैं। दिव्य कथाएं सुनते हैं। ईश्वर का गुणगान करते हैं, जिससे उन्हें संतोष प्राप्त होता है। जब मन पर ज्ञान का अभिषेक होता है, तो मन शांत और शीतल हो जाता है। श्रावण को सबसे पवित्र महीना माना जाता है, क्योंकि यह अनेक धार्मिक उत्सवों और पर्वों को अपने साथ लाता है। हिंदू कैलेंडर में श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित है। शिव परिवर्तन के लिए उत्तरदायी ऊर्जा हैं। शिव जीवन के मार्ग की बाधाओं को दूर करने वाले हैं। वह पुरातन को विनष्ट कर नूतन के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं। शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो।


## ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है



संकलित
प्रेरणा

एक बार स्वामी विवेकानद जी अपने आश्रम में एक छोटे पालतू कुत्ते के साथ टहल रहे थे। तभी अचानक एक युवक उनके आश्रम में आया और उनके पैरों में झुक गया और कहने लगा- स्वामीजी मैं अपनी जिंदगी से बड़ा परेशान हूँ। मैं प्रतिदिन पुरुषार्थ करता हूँ लेकिन आज तक मैं सफलता प्राप्त नहीं कर पाया। पता नहीं ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है, जो इतना पढ़ा-लिखा होने के बावजूद भी मैं नाकामयाब हूँ। युवक की परेशानी को स्वामीजी ने तुरंत समझ लिया। उन्होंने युवक से कहा- भाई! थोड़ा मेरे इस कुत्ते को कहीं दूर तक सैर करा दो। उसके बाद मैं तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर दूंगा। उनकी इस बात पर युवक को थोड़ा अजीब लगा लेकिन दोबारा उसने कोई प्रश्न नहीं किया और कुत्ते को दौड़ाते हुए आगे निकल पड़ा। कुत्ते को सैर कराने के बाद, जब वह युवक आश्रम में पहुंचा तो यह देखा कि युवक का चेहरा तेज है लेकिन उसका छोटा कुत्ता थक के जोर-जोर से हांफ रहा था। स्वामीजी ने पूछा- भाई, मेरा कुत्ता इतना कैसे थक गया? तुम तो बड़े शांत दिख रहे हो। क्या तुम्हें थकावट नहीं हुई? युवक ने कहा- स्वामीजी, मैं धीरे-धीरे आराम से चल रहा था, लेकिन मेरा कुत्ता अशांत था। सभी जानवरों के पीछे दौड़ता था, इसीलिए बहुत थक गया था। तब विवेकानंद ने कहा- भाई, तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर तो यही है! तुम्हारा लक्ष्य तुम्हारे आसपास है, लेकिन तुम उससे दूर चलते हो। अन्य लोगों के पीछे दौड़ते रहते हो और तुम जो चाहते हो वह दूर हो जाता है। युवक ने विवेकानंद के उत्तर से संतुष्ट होकर अपनी गलती को सुधारने का निर्णय लिया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**संविधान का सम्मान जरूरी**

26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान सभा द्वारा भारतीय संविधान को स्वीकृत किया गया था। इसी उपलक्ष्य में 26 नवंबर को भारतीय संविधान दिवस मनाया जाता है। संविधान की मर्यादा का ख्याल रखना भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए जरूरी है। लेकिन ऐसा करेगा कौन? राजनेताओं को कुर्सी का मोह है और आमजन को सरकारों से मुफ्त योजनाओं की सौगात चाहिए। अगर ऐसा नहीं होता तो न तो देश की राजनीति दागदार होती, न देश में भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी होती, न ही देश में कोई गरीब बच्चा शिक्षा से वंचित रहता, न कोई गरीब महंगे इलाज के कारण दम तोड़ता और न ही कोई व्यक्ति दो वक्त की रोटी को तरसता। हर भारतीय नागरिक को संविधान का सम्मान करना चाहिए। – *विपिन साहू, खरसिया*

### ट्रेंड

**विकास को बढ़ावा**



बेहतर बुनियादी ढांचे का मतलब सपनों को जोड़ना और प्रगति को गति देना है। तीन प्रमुख रेल परियोजनाओं को कैबिनेट की मंजूरी से महाराष्ट्र, एमपी और यूपी को फायदा होगा। यह मुंबई और प्रयागराज के बीच व्यस्त खंडों में विकास को बढ़ावा देगा।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

**संविधान राष्ट्र की जीवनधारा**



संविधान को अपनाने का 75वां वर्ष आज से शुरू हो गया है। मैं इस ऐतिहासिक अवसर पर सभी भारतीयों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। हमारे पूर्वजों द्वारा परिश्रमपूर्वक और सावधानीपूर्वक तैयार किया गया भारत का संविधान हमारे राष्ट्र की जीवनधारा है।
**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

**सफल राजनीतिक स्टार्टअप**



12 साल पहले, अरविन्द केजरीवाल ने नई तरह की राजनीति का सपना देखने का साहस किया- एक ऐसी राजनीति जो आम आदमी को केंद्र में रखे। आज, आम आदमी पार्टी भारत की सबसे सफल राजनीतिक स्टार्टअप के रूप में खड़ी है।
**-राघव चड्ढा, आप नेता**

**अनुशासित रहने के कदम**



अनुशासित रहने के कदम: .स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करें, एक दिनचर्या बनाएं, कार्यों को प्राथमिकता दें, सीमाएँ निर्धारित करें, आत्म-जागरूकता पैदा करें, सचेतनता का अभ्यास करें, स्वस्थ आदतें स्थापित करें, खुद को जवाबदेह ठहराएं, समर्थन मांगें।
**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

### करंट अफेयर

## चौरसिया के बांसुरी वादन से इजराइल वासी हुए मंत्रमुग्ध



इजराइल में भारतीय संगीत के प्रशंसकों के बीच लोकप्रिय संगीतज्ञ और ग्रैमी पुरस्कार विजेता बांसुरी वादक राकेश चौरसिया ने यहां 25वें अंतरराष्ट्रीय ऊड महोत्सव में अपनी स्वर लहरियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। चौरसिया और तबला वादक पंडित कालीनाथ मिश्रा की जुगलबंदी ने संगीतप्रेमियों को बांधकर रखा। यह चौरसिया की इजराइल में चौथी प्रस्तुति थी। उनके चाचा पंडित हरिप्रसाद चौरिसया विश्व विख्यात बांसुरी वादक हैं। राकेश चौरसिया ने कहा, 'मुझे यहां बार-बार आना पसंद है क्योंकि यहां श्रोता हमेशा गर्मजोशी से स्वागत करते हैं। इस बार भी अच्छा अनुभव रहा।' दस दिवसीय उत्सव में ट्यूनीशियाई गायिका हबीबा मसिका को श्रद्धांजलि देना तथा 'ट्रैक्टर रिवेंज बैंड' और 'पियुट एन्सेम्बल' की जुगलबंदी भी शामिल है। भारतीय दूतावास में मिशन के उप प्रमुख राजीव बोडवाडे ने कहा, 'आज रात प्रतिष्ठित यरूशलम अंतरराष्ट्रीय ऊड उत्सव में दो बार के ग्रैमी पुरस्कार विजेता राकेश चौरसिया और पंडित कालीनाथ मिश्रा की प्रस्तुति भारत और इजराइल के बीच जारी सांस्कृतिक सहयोग में दीर्घकालिक योगदान देगी।'

### ऑफ बीट

## कुछ शिशु इतने ज्यादा बालों के साथ क्यों पैदा होते हैं?




शिशु शरीर पर पतले, मुलायम, छोटे और हल्के रंग के बालों के साथ पैदा होते हैं, जिन्हें 'लानुगो' (गर्भरोम) कहते हैं। यह शब्द लैटिन शब्द 'लाना' से बना है जिसका मतलब 'ऊन' होता है। कुछ शिशुओं में बाल मुश्किल से दिखाई देते हैं। कुछ में, बहुत सारे बाल होते हैं, खासकर चेहरे, कंधों, पीठ और सिर के आसपास। हालांकि, किसी भी तरह से 'लानुगो' चिंता की बात नहीं है और जन्म के कुछ सप्ताह बाद यह अपने आप ही गायब हो जाते हैं। जन्म के समय कुछ शिशुओं के शरीर पर इतने ज्यादा बाल क्यों होते हैं? लानुगो गर्भावस्था के तीसरे महीने के आसपास भ्रूण पर दिखाई देता है। भ्रूण गर्भ में जैसे-जैसे विकसित होता है, सातवें महीने तक ये बाल घने होते जाते हैं। यह शिशु के शरीर के अधिकांश हिस्से को ढंक लेता है, सिवाय उन क्षेत्रों को छोड़कर जहां बाल नहीं होते। सभी बच्चे 'लानुगो' के साथ पैदा नहीं होते, लेकिन गर्भावस्था के दौरान गर्भ में पल रहे शिशु में ये गर्भरोम जरूर होते हैं। अधिकांश शिशुओं में ये गर्भावस्था के 33-36 सप्ताह के आसपास गर्भ में ही निकल जाते हैं, जहां ये एमनियोटिक द्रव के साथ मिल जाते हैं और गर्भस्थ शिशु इन्हें निगल लेते हैं। इसके बाद लानुगो उनके शरीर की प्रणाली से होकर गुजरता है।

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

पर्यटन

डा. मदनलाल गुप्ता

## मन को लुभाता है सीतानदी अभ्यारण्य



सीतानदी अभ्यारण्य छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से 160 कि मी दूरी पर स्थित दिशा पर स्थित है। इस अभ्यारण्य का कुल क्षेत्रफल 558.55 वर्ग किमी है। यहां तक नगरी, सिहावा और सांकरा से आसानी से पहुंचा जा सकता है। यह अभ्यारण्य अच्छी गुणवत्ता लिए हुए मिश्रित वनों से आच्छादित है। पर्यटकों के ठहरने के लिए खल्लारी और सीतानदी और सांकरा में भी वन मंडल का विश्राम गृह है। अभ्यारण्य क्षेत्र सप्त ऋषियों की तपोभूमि से घिरा हुआ है। इस अभ्यारण्य में शेर, तेंदुए, चीतल, सांभर, नीलगाय, जंगली सुअर, भालू और बंदर के अलावा अन्य कई जीव जंतु दिखाई देते हैं। इसके अतिरिक्त ग्रीष्मकाल में इस अभ्यारण्य के उदंती अभ्यारण्य क्षेत्र से लगे होने के कारण बाघ एवं जंगली भैंसे भी सोढूंर जलाशय के आसपास भी दिखते हैं। इस मौसम में भी यहां का नजारा अदभुत होता है।

गांव की कहानी

डा. ऋषिराज पाण्डेय

## रियासतकालीन साक्ष्य ग्राम सेमरापाली में



सारंगढ़ से रायपुर सड़क मार्ग पर 14 कि मी दूरी पर सेमरापाली ग्राम है। इसी गांव से होकर लात नामक छोटी नदी बहती है। रायगढ़ जिले के अंतर्गत आने वाला सारंगढ़ नगर एक देशी रियासत के रूप में जाना जाता था। अठारहवीं शताब्दी के अंतिम में इस राज्य के राजा विश्वनाथ साय ने ऐसा कार्य किया जिससे अंग्रेजी रिकॉर्डों में भी सारंगढ़ राजा की प्रशंसा में दर्ज होता गया। 1757 ई. में प्लासी युद्ध तथा 1764 ई. के बक्सर युद्ध में अंग्रेजों की विजय का समाचार तेजी से फैलता चला गया। 12 सितम्बर 1778 ई.को गवर्नर जनरल वारेन हेस्टिंग के विशेष राजदूत अलेक्जेंडर इलियट कलकत्ता से नागपुर जाते समय सेमरापाली के निकट बीमार हो गया और इलाज के अभाव में मृत्यु हो गई। सारंगढ़ के राजा ने इस ग्राम के नदी किनारे दफनाने की स्वीकृति दे दी। लगभग ढाई सौ पूर्व लगभग 25 फुट ऊंचा शिखरों वाला इस मकबरे के अंग्रेजी में लिखे शिलालेख को आज भी स्पष्ट रूप से पढ़ा जा सकता है। इस मकबरे से प्रमाणित होता है कि छत्तीसगढ़ अंचल से गुजरने वाला पहला अंग्रेज अलेक्जेंडर इलियट था।

परंपरा

बागेश्वर पात्र

## राजशाही काल में अनोखी प्रथा रही दैवीय पूजन की



बस्तर अंचल की प्राचीन राजधानी बड़े डोंगर को 18 गढ़ों में माथगढ़ (शीर्ष गढ़) का दर्जा दिया जाता है। द्वितीय गढ़ छोटे डोंगर और तीसरे गढ़ के रूप में नारायणपुर की मान्यता है। बड़े डोंगर में राजशाही काल में दैवीय संस्कार सम्पन्न करने के लिए राजा द्वारा पांच नाईक को नियुक्त किया गया था। पांच नाईक की उपस्थिति में ही बड़े डोंगर में दैवीय कार्य पूर्ण करने की परंपरा थी। पांच नाईक की प्रतिष्ठा में वृद्धि होने से राजा द्वारा न्यायिक कार्य में भी मदद लिया गया। यह पांच नाईक पांच नाईक पांच इमली के पेड़ के नीचे बैठ कर न्यायिक कार्य करते थे। वर्तमान में यह पंच इमली के वृक्ष धराशाई हो चुके हैं। पांच इमली के वृक्षों का समूह संवसार बंधा बड़े डोंगर में स्थित था। पांच नाईक में प्रधान को सर्वश्रेष्ठ दर्जा प्रदान किया गया था। अन्य चार नाईक गागड़ा, कुदराम, समरथ और मांझी हैं। प्रारंभ में यह वर्ग 18 गढ़ सुरित के नाम से जाना जाता था। बाद में गढ़ों की संख्या बढ़ कर 32 हो गई।

**अभिनय मनुष्य की सहज प्रवृत्ति है। हर्ष, उल्लास और खुशी से झूमते, नाचते-गाते मनुष्य की सहज अभिव्यक्ति है अभिनय। छत्तीसगढ़ के लोक जीवन की झांकी गांवों के खेतों, खलिहानों, गली, चैराहों और घरों में स्पष्ट देखी जा सकती है। इस ग्रामीण अभिव्यक्ति को 'लोक नाट्य' कहा जाता है। छत्तीसगढ़ में लोक नाट्य की प्राचीन परंपरा रही है। यही आगे चलकर नाटक के रूप में विकसित हुआ। 'नाट्य शास्त्र' जैसे महत्वपूर्ण ग्रंथ का प्रणयन दूसरी सदी में हुआ। भरत मुनि ने ऋग्वेद से पाठ्य, सामवेद से गान, यजुर्वेद से अभिनय, और अथर्ववेद से रस लेकर इसकी रचना की। भरत मुनि के समक्ष लोकधर्म का आदर्श सर्वोपरि था। कदाचित इसी कारण उन्होंने लोकधर्म के प्रति अपना अनुराग दर्शाया है। नाट्यशास्त्र में भी उल्लेख है-**



# छत्तीसगढ़ में लोक नाट्य परम्परा



लोक नाट्यः प्रो.अश्विनी केशरवानी

छत्तीसगढ़ में लोक नाट्य की प्राचीन परम्परा सरगुजा के रामगिरी और सीता बोंगरा गुफा में स्थित नाट्यशाला से सिद्ध होती है। यहां के शिलालेख में भी इसका उल्लेख है -
आदि पयंति हृदया सभावगरुकवयों य रत्यदुले।
अवसंतिया हंसानुभूते कुद्सपिसम एवं अलंगेति।।
इन गुफाओं में स्थित नाट्यशालाओं की तुलना प्राचीन ग्रीक थियेटर से की जाती है। कभी कभी रास मंडली भी आया करती थी जो अष्टछाप के काव्य साहित्य के आधार पर राधाकृष्ण के नृत्यों से परिपूर्ण संगीत प्रधान कथानक प्रस्तुत करती थीं। रामलीला और रासलीला को लोग धार्मिक भावनाओं से देखते थे। गांवों में जो नौटंकी हुआ करती थी उसका प्रधान विषय वीरगाथा अथवा उस प्रादेशिक भाग में प्रचलित कोई प्रेमगाथा हुआ करती थी। मुगलों के आक्रमण के पूर्व भारत के सभी भागों में खासकर राज प्रसादों और मंदिरों में संस्कृत - पाली प्राकृत नाटकों के लेखन और मंथन की परंपरा रही है लेकिन इसका सम्बन्ध अभिजात्य वर्ग तक ही सीमित था। ग्रामीणों के बीच परंपरागत लोकनाट्य ही प्रचलित थे। नाटकों ने दरबारों में भाण और प्रहसन का रूप ले लिया। लेकिन लोक नाट्य की परम्परा आज भी जीवित है। चाहे ढ़ोला मारू, चंदापन या लोरिकायन रूप में हो, आज भी प्रचलित है, उसका समुचित विकास मध्य युग के धार्मिक आंदोलन की क्षत्रछाया में हुआ। यही युग की सांस्कृतिक चेतना का वाहक बना। छत्तीसगढ़ में लोक नाट्य दो रूपों में विकसित हुआ। एक तो निम्न वर्ग के देवार, नट, भट आदि लोगों ने आल्हा ऊदल, ढोला मारु



जैसी परम्परा को तथा पंडु, कंवर और संवरा जाति में पंडवानी और पंथी को विकसित किया। छत्तीसगढ़ में इसका प्रचार प्रसार लगभग 16 वीं और 17 वीं शताब्दी के मध्य हुआ। उत्तर भारत के रासलीला और रामलीला मथुरा, वृन्दावन, काशी और इलाहाबाद से सतना, रीवा, अमरकंटक होते हुए पेंड्रा, रतनपुर, शिवरीनारायण, अकलतरा, सारंगढ़, किकिरदा, मलदा, नरियरा, बलौदा, कवर्धा, कोसा और राजिम में फैल गया। इसलिए छत्तीगढ़ी भाषा में ब्रज और अवधी का पुट मिलता है। दूसरी ओर बंगाल की जात्रा, ओडिशा की पाल्हा, जगन्नाथपुरी से सुंदरगढ़, संबलपुर, सारंगढ़, चंद्रपुर, पुसौर, रायगढ़ और तमनार आदि जगहों में फैल गया। यहां की नाट्य परंपराओं में इसका स्पष्ट प्रभाव देखा जा सकता है।




# बस्तर अंचल में नए फसल के आगमन पर दियारी तिहार

**बस्तर अंचल में मुख्य रूप से धान की नई फसल आने की खुशी में ग्रामीणों द्वारा दिसम्बर माह से दियारी तिहार पारंपरिक रीति रिवाज से मनाना प्रारंभ होता है। सबसे पहले गांव का मुखिया गुड़ी में गोसाईन माता को फसल पकने पर धन्यवाद स्वरूप चरु का आयोजन करता है।**

परब विशेष : मधु तिवारी

राऊत और चरवाहे मुख्य रूप से इसमें शामिल होते हैं। यह लोग एक दिन पहले संध्या बेला में माता गुड़ी में ढोल, नंगाड़ा, मोहरी, बाजा बजाकर पूजन करते हैं। इसके साथ ही पूजा अर्चना की जाती है। दूसरे दिन प्रातः से चरवाहे के साथ सभी गेठा डोरी बांधने निकल पड़ते हैं। यह सभी लोग गेठा डोरी बांधने निकल पड़ते हैं ताकि पशुओं के गले में और मिट्टी की बनी हुई नई हंडी में ऊपर बंध सके। इसी हंडी में प्रसाद के रूप में खिचड़ी तैयार की जाती है। साथ ही यह चरवाहे धान की बालियां सेला बनाकर सभी घरों के सामने टांगने जाते हैं। यह डोरी सबसे पहले पुजारी के घर के पशुओं को फिर अन्य घरों में बांध कर पूजा अर्चना की जाती है। इसके बदले इन्हें सूपा में धान और यथा संभव राशि भी दी जाती हैं। इस हांडी के धान से खिचड़ी बनाई जाती है। इस खिचड़ी को पहले गौ माता को खिलाई जाती है फिर अन्य लोग





हंसी खुशी प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं। इसके बाद पारंपरिक खेलों का आयोजन कर रात्रि मनोरंजन के लिए वाद्य यंत्रों के साथ नाच गाना भी करते हैं। अगले दिन बासी तिहार भी मनाते हैं।

संस्कृति

डा. विनय कुमार पाठक

## छत्तीसगढ़ी विवाह में दाईज प्रथा

छत्तीसगढ़ के विवाह रस्म में दाईज नेग भी किया जाता है जिसमें दूल्हे और दुल्हन को मंडप में विराजमान किया जाता है, फिर दहेज दिया जाता है। इसे ही छत्तीसगढ़ी में दाईज कहा जाता है। इस समय दाईज गीत भी गाए जाते हैं। दाईज का अर्थ है- (दाई) अर्थात मां से उद्भूत बेटी मां के ही कलेजे का टुकड़ा है, अतः मां द्वारा भविष्य संवारने से दृष्टि से ममत्व से उत्पन्न यह उपक्रम अनूठा है। ऐसा लगता है, दाईज का ही अपभ्रंश दहेज हो। दहेज देना इसलिए पुण्य कार्य माना गया है। दाईज गीत में इसका बड़ा पुण्य दूसरा निर्दिष्ट नहीं है -

*चढ़त बेरा घाम के उतरत बेरा लगिन के*
*धरम धरम जस ले ले*
*फेर धरम नई मिले*
*आज बेटी भए हावे बिरान*

एक समय था, जब धन धान्य से सम्पन्न जनमानस सहस भंडार दहेज में देते थे। साथ ही अश्व भी भेंट देते थे, जो युद्ध के साथ मनुज के वाहन के रूप में सुखद यात्रा के प्रतीकार्थ प्रयुक्त होता था -

*दाई टोला टिकथे नोनी अचहर पचहर*
*ददा मोर सहस भंडार हो*
*भाई मोर टिकत हे लीली हंसा घोड़वा*
*भौजी मोर काम सेन्दूर हो*

आज दहेज का दुरूपयोग हो रहा है, निष्कर्तः यह समाज में कोढ़ की तरह फैल रहा है। काश, लोग लोकाचार में अवस्थित दहेज की भावना को समझ पाते।



तीज तिहार

पूनम यादव

# सामूहिक रूप से मनाते हैं अगहन बृहस्पति परब



छत्तीसगढ़ में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अगहन बृहस्पति परब को महिलाएं विधि विधान से पूजा अर्चना कर मानती हैं। एक तरह से यह पर्व प्रकृति और पर्यावरण से संबंधित होते हैं। देवउठनी एकादशी के बाद से ही शुभ कार्य प्रारंभ हो जाते हैं, जिसमें अगहन मास को सर्वश्रेष्ठ माना गया है।

वैसे इस व्रत का प्रभाव दिन प्रातः से लेकर रात्रि तक देखा जाता है। इसके साथ ही पूजा की तैयारी को एक दिन पहले से ही कर ली जाती है। इसके ठीक विपरीत धमतरी शहर के एक मोहल्ले में विगत सौ वर्षों से महिलाएं सामूहिक रूप से पूजा अर्चना कर यह व्रत पूर्ण करती हैं, जिसमें महिलाएं सुबह एक स्थान विशेष पर एकत्र होकर इस व्रत से संबंधित कथा का वाचन और श्रवण करती हैं। कथा सुनने और पूजा अर्चना के बाद सामूहिक आरती करती हैं। इतना ही नहीं हर गुरुवार को यह पूजा नियमित रूप से की जाती हैं। इस पूजा के माध्यम से अपने घरों के आसपास साफ सफाई कर गोबर लिपकर शुद्धि के साथ ही रंगोली सजाकर स्वच्छता के प्रति समाज को संदेश देने का कार्य भी कर रही हैं। इस परम्परा को अपने मोहल्ले तक सीमित न रख विस्तार करने की अब महिलाएं पहल करने लगी हैं।



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गोड्डा

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई– निविदा सूचना संख्या – RWD/SD/GODDA/25/2024-25**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्रम/ ग्रुप सं० | प्रखंड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ठाकुरगंगटी | गोड्डा जिला अन्तर्गत ठाकुरगंगटी प्रखंड अंतर्गत तमाशाचक और बुधासन के पास झमरिया नदी में पुल निर्माण। | 3,97,29,300.00 | 7,95,000.00 | 10,000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 29.11.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 29.11.2024 से दिनांक 09.12.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गोड्डा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 11.12.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गोड्डा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8340110173
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गोड्डा।

PR.NO.340344 Rural Development(24-25):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, जमशेदपुर

**अति अल्पकालीन ई०-निविदा आमंत्रण सूचना**

अति अल्पकालीन ई0–निविदा सूचना संख्या– **E-RDSD/JSR/11/2024-25**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | अग्रधन की राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्वी सिंहभूम जिला के पोटका प्रखण्ड अंतर्गत आसनबनी पंचायत के तिल्ला मोड़ा मौजा में सुवर्णरेखा नदी कुलियाना घाट में पुलिया निर्माण कार्य। | 96215800.00 | 1924500.00 | 10,000.00 | 24 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 02.12.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 02.12.2024 से दिनांक 09.12.2024 को अपराह्न 06:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, जमशेदपुर।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 11.12.2024 अपराह्न 02:00 बजे।
6. ई–निविदा आमन्त्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, जमशेदपुर।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 09431990319
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, जमशेदपुर

PR 340429 Rural Development (24-25)_D

## Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited
(A Government of Chhattisgarh Undertaking)
(ISO 9001: 2015 Certified)
1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No. 1, Telibandha, Raipur (C.G.)-492006
CIN: U45203CT1981SG001853, PAN: AABCM6288N,
GST Reg. No. 22AABCM6288N5ZY
Phone: 0771-6621000 Fax: 0771-2583794
Website: www.cside. in, Email address.csidc.cg@nic.in.cside_raipur@yahoo.com

### NOTICE INVITING TENDER (2nd Call)
**(Through e-Procurement Portal Only)**

NIT No. 17,18, 19 & 20/CSIDC/E.E./Division-11/2024-25 Raipur, Dated 26/11/2024

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Ltd., Raipur (CSIDC), a Government of Chhattisgarh Undertaking constituted under the Companies Act, engaged in Industrial Infrastructure Development & Other Related Activities in the State invites online tender in "Form-B" (Item Rate Basis) for the following work:-

| Nit No. | Name of work | Registered Contractor in CGPWD or in appropriate class in other dep't. | Time allowed (including rainy season) | Probable Amount of Contract (PAC) (INR Lacs) | EMD (INR Lacs) | Cost of Tender Document (Including GST 18%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | Up-gradation of B.T. Road, R.C.C. Surface drain, Street light & D.I. Pipe line at I/A Bhanpuri, Distt. Raipur (C.G.) | Class-B & Above | 3½ Month | 822.52 | 411500/- | 3,540/- |
| 18 | Up gradation of B.T. Road & R.C.C. Surface Drain at I/A Rawabhata, Raipur (C.G.) | Class-B & Above | 3½ Month | 734.33 | 367500/- | 3,540/- |
| 19 | Up-gradation of Infrastructure like Road, R.C.C. water drain, Boundary wall, HDPE 110 mm, water harvesting & Street light I/A Metal Park, Distt. Raipur (C.G.) | Class-B & Above | 3½ Month | 957.92 | 479000/- | 3,540/- |
| 20 | Up-gradation of Infrastructure like Roads drain, water supply & Street light etc. at I/A Birkoni Distt. Mahasamund (C.G.) | Class-B & Above | 3½ Month | 503.23 | 251700/- | 3,540/- |

The tender document containing detailed terms & conditions, scope of works and other details can be downloaded from the web portal (website) https://eproc.cgstate.gov.in from 27/11/2024 Time 17:01 and shall be submitted online only. Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

**NOTE:** The interested tenderers for online submission of tender may contact CG e-Proc Helpdesk. Operated by Mjunction Services Limited, they may reach Helpdesk using 18004199140 (from 9 AM to 11 PM) (therein press 2 for CG e-Proc) or you can email them at Helpdesk.eproc@cgswan.gov.in.

S-42223/2 कार्यालय एवं दुकान हेतु स्थान उपलब्ध, वेबसाईट देखे www.csidc.in

Executive Engineer
(Divising-II)

## Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited
(A Government of Chhattisgarh Undertaking)
(ISO 9001:2015 Certified) 1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No. 1, Telibandha, Raipur(C.G.)- 492006, CIN: U45203CT1981SG001853, PAN: AABCM6288N, GST Regn. No. 22AABCM6288N5ZY Phone: 0771-6621000, Fax: 0771-2583794 Website: www.csidc.in, Email address:csidc.cg@nic.in,csidc_raipur@yahoo.com

### NOTICE INVITING TENDER [2nd Call]
**(Through e-Procurement Portal Only)**

**NIT No. 14,15,16 & 17/CSIDC/E.E.1/Division-I/2024-25/** **Raipur, dated 26/11/2024**

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Ltd., Raipur (CSIDC), a Government of Chhattisgarh Undertaking constituted under the Companies Act, engaged in Industrial Infrastructure Development & Other Related Activities in the State invites online tender in **"Form-B"** (Item Rate Basis) for the following work:-

| S. NO. | NIT No./date | Name of Work | Registered Contractor in CGPWD or in appropriate class in other dep't. | Time allowed (including rainy season) | Probable Amount of Contract (PAC) (INR Lacs) | EMD Amount Rs.) | Cost of Tender Document (Including GST 18%) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 14 26.11.2024 (2nd Call) | Up-gradation, Strengthening of BT Roads, Construction of RCC Drain & Water Supply work at I/A Sirgitti Distt.- Bilaspur (C.G.) | Class-B & Above | $3^{1/2}$ Month | 681.68 | 3,40,840 /- | 3,540/- |
| 2 | 15 26.11.2024 (2nd Call) | Up-gradation, Strengthening of BT Roads, Construction of RCC Drain. Providing and laying of 100mm dia D.I. pipe line and Street Light at I/A Tifra Distt.- Bilaspur (C.G.) | Class-B & Above | $3^{1/2}$ Month | 770.08 | 3,85,040 /- | 3,540/- |
| 3 | 16 26.11.2024 (2nd Call) | Up-gradation, Renewal of BT Roads, Construction of RCC Drain. Providing and laying of 100mm dia D.I. pipe line and Street Light at I/A Kapan Distt.- Janjgir-Champa (C.G.) | Class-B & Above | $3^{1/2}$ Month | 521.23 | 2,60,615 /- | 3,540/- |
| 4 | 17 26.11.2024 (2nd Call) | Up-gradation, Strengthening of BT Roads, Construction of RCC Drain. Providing and laying of 100mm dia D.I. pipe line, Street Light, Culvert and Boundary wall at I/A Rajgamarg Road Korba Distt.- Korba (C.G.) | Class-B & Above | $3^{1/2}$ Month | 515.15 | 2,57,575 /- | 3,540/- |

The tender document containing detailed terms & conditions, scope of works and other details can be downloaded from the web portal (website) **https://eproc.cgstate.gov.in** from 27/11/2024 Time 17:01 and shall be submitted online only. Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

**NOTE:** 1) The interested tenderers for online submission of tender may contact CG e-Proc Helpdesk. Operated by Mjunction Services Limited, they may reach Helpdesk using 18004199140 (from 9 AM to 11 PM) (therein press 2 for CG e-Proc) or you can email them at **Helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**

S-42224/1

Executive Engineer
Division- I

# गुड्स सर्विस के नाम पर आधा करोड़ से अधिक की ठगी ट्रेडिंग कंपनी में लगाने व विदेशी दौरे का दिया था झांसा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

गुड्स सर्विस के नाम पर 50 लाख रुपए से अधिक की ठगी करने वालों के खिलाफ बोधघाट थाना में मामला दर्ज किया गया है। मामले में संलिप्त पति पत्नी बस्तर के हैं जबकि तीसरा आरोपी राजस्थान का बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने अपने सहेली को अपने झांसे में लेते हुए करीबन 31 लाख रुपये ठग लिए। आरोपी द्वारा सहेली को ट्रेडिंग कंपनी में पैसा लगाने पर दोगुना पैसा मिलने और विदेश दौरे की जानकारी दी। जिसके बाद सहेली के बातों में आकर अपनी जमा पूंजी उसमें लगा दी। रुपए लगने के बाद पीड़िता को दुगना पैसा मिला और न ही अन्य कोई लाभ। ठगे जाने के बाद उसने बोधघाट थाने में मामला दर्ज कराया और पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

■ पुलिस कर रही आरोपी पति से पूछताछ तीसरा आरोपी राजस्थान का

## सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

**धमतरी।** चारामा की तरफ से लौट रहे बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। इस घटना में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, वहीं दूसरे को मामूली चोट आई है। पुलिस के अनुसार स्थानीय मकेश्वर वार्ड निवासी नरेंद्र साहू पिता हेमंत उम्र 30 वर्ष व ग्राम पोटियाडीह थाना अर्जुनी निवासी नरेंद्र ढीमर पिता रामभरोसा उम्र 25 वर्ष के साथ सोमवार की रात्रि बाइक से चारामा की तरफ से नेशनल हाईवे से होते हुए वापस धमतरी लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम बालोदगहन के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को ठोकर मार दी। इस घटना में गंभीर चोट लगने से नरेंद्र साहू की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दूसरे युवक नरेंद्र ढीमर को मामूली चोट लगी है। घटना के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना पर पुरूर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को गुरूर अस्पताल भेजा।

## तेज रफ्तार मेटाडोर सीएसपी कार्यालय मेन गेट में घुसा, चार घायल

**भिलाई।** छावनी थाना अंतर्गत नंदिनी रोड पर तेज रफ्तार मेटाडोर ने सड़क किनारे लगी गुमटी, कार और कई लोगों को टक्कर मारते हुए सीधे सीएसपी कार्यालय के मेन गेट में जा घुसा। इसमें चार लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। घटना की वजह ड्राइवर को मिर्गी की बीमारी होना बताया जा रहा है। सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि मंगलवार दोपहर तीन बजे के करीब उन्हें सूचना मिली की एक टाटा 407 ट्रक सीएसपी कार्यालय के मेन गेट को तोड़ता हुआ अंदर घुस गया है। वो तुरंत अपनी विभागीय बैठक को छोड़कर आए। उन्होंने देखा कि ट्रक काफी तेज रफ्तार में था। उसने सड़क किनारे लगी गुमटी और कार को टक्कर मारा फिर आईटीआई में पढ़ने वाली बच्चियों को टक्कर मारते हुए यहां घुसा है। तेज रफ्तार मेटाडोर ने चार लोगों को घायल भी कर दिया। इसमें तीन लड़किया पावर हाउस आईटीआई में पढ़ने वाली और एक फेरी वाला लड़का है।

## बी फार्मेसी की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**धमतरी।** परीक्षा में कम अंक पाने से दुखी बी फार्मेसी की छात्रा ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। पुलिस के अनुसार स्थानीय बनियापारा निवासी मेहक तिवारी पिता रमाकांत उम्र 18 वर्ष बी फार्मेसी के प्रथम वर्ष की छात्रा थी। बीते दिनों हुई परीक्षा में अपेक्षानुसार कम अंक मिलने से छात्रा कुछ दिनों से परेशान थी। सोमवार को रात को छात्रा खाना खाने के बाद अपने स्टडी रूम में 1 बजे तक पढ़ाई कर रही थी। परिजन खाना खाकर सो गए। मंगलवार की सुबह पिता जब छात्रा को जगाने के लिए गए तो स्टडी रूम का दरवाजा खुला हुआ था। भीतर जाने पर छात्रा को सिलिंग हुक में फांसी पर लटका पाया। छात्रा को फंदे से उतारकर अस्पताल ले जाने की तैयारी की जा रही थी। इस दौरान घटना की सूचना पर पहुंचे आसपास के लोगों ने छात्रा के मृत होने की बात कही। इसके बाद पिता ने कोतवाली पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस घटनास्थल पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल के मर्च्यूरी भेज दिया।

## HIGH COURT OF CHHATTISGARH, BILASPUR

**No. 19057 /CPC/2024** **Bilaspur, dated 25/11/2024**

### Tender Notice

The High Court of Chhattisgarh, Bilaspur invites its bids in closed envelopes from eligible bidders for the Supply, Testing, Installation and Maintenance of following articles for the use of newly established Courts of Chhattisgarh State:-

| Sl. No. | Name of the Articles | Quantity |
|---|---|---|
| 1. | Monitors | 33 Pcs. |
| 2. | Display Systems | 33 Pcs. |

Interested Parties may view and download the detailed Tender (terms and conditions and Technical Specification) of aforementioned articles on the website viz. https://highcourt.cg.gov.in

I) Documents Download start Date - 25/11/2024
II) Last Date of Submission of Physical documents - 09/12/2024 (till 04:30 PM)

**Balram Prasad Verma**
**Registrar General**
**High Court of Chhattisgarh,**
**Bilaspur (C.G.)**

G-242504076/3

## छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
## गरियाबंद वनमण्डल गरियाबंद

**काष्ठागार नीलाम का संक्षिप्त विवरण**

सर्व साधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि गरियाबंद वनमंडल के अंतर्गत गरियाबंद काष्ठागार में संग्रहित ईमारती काष्ठ का घोष विक्रय द्वारा निर्वतन किया जावेंगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लेवें। नीलाम की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। नीलाम में प्रस्तावित मात्रा में कमी / अधिकता हो सकती है। कृपया बोली लगाने से पूर्व वनोपज का स्वतः स्थल निरीक्षण कर लेवें।

डिपों का नाम - वन काष्ठागार गरियाबंद
नीलाम दिनांक - 11/12/2024
नीलाम समय - प्रातः 9:00 बजे

**नीलाम में प्रस्तावित वनोपज की अनुमानित मात्रा**

| क्र. | प्रजाति | लट्ठा घ.मी. | | बल्ली, डेंगरी (संख्या) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | पुराना | योग | पुराना | योग |
| 1 | सागौन | 82.610 | 82.610 | 28474 | 28474 |
| 2 | साल | 418.205 | 418.205 | 3884 | 3884 |
| 3 | बीजा | 7.771 | 7.771 | 0 | 0 |
| 4 | शीशम | 0.894 | 0.894 | 0 | 0 |
| 5 | साजा | 10.649 | 10.649 | 55 | 55 |
| 6 | हल्दू | 39.326 | 39.326 | 0 | 0 |
| 7 | सलई | 2.267 | 2.267 | 0 | 0 |
| | योग- | 561.722 | 561.722 | 32413 | 32413 |

टीपः- 01. किसी भी व्यक्ति को नीलाम में बोली लगाने के पूर्व नीलाम की शर्तो का पालन करने के करार प्रतीक स्वरूप विक्रय सूचना पर अपना हस्ताक्षर करना होगा।
02. प्रत्येक लाट के संबंध में बोली लगाने के पूर्व जिस सीमा तक वह बोली लगाना चाहता हो उसके 10 प्रतिशत के बराबर राशि या 1000 /- (एक हजार) रूपये इसमें से जो भी अधिक हो राशि जमा करना होगा।
03. नीलाम में संत्यकार की राशि जमा करते समय संत्यकार अधिकारी को वर्ष 2024 के लिए विनिर्माता व्यापारी के रूप में पंजीकृत प्रमाण पत्र की छायाप्रति एंव आयकर विभाग द्वारा जारी पेनकार्ड की छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।
04. क्रय मूल्य की 25 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि का धनादेश अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट / मल्टीसिटी चेक स्वीकार किये जावेगा। प्रत्येक क्रेता को विर्निमाता / उपभोक्ता / व्यापारी लायसेंस एवं आयकर पेन नं. / टीन नं. / जी.एस.टी.नं. की छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने पर ही वर्क आर्डर जारी किया जावेगा।
05. यदि किसी क्रेता द्वारा किसी कारणवश विक्रय मूल्य की 10 प्रतिशत राशि ई. एम.डी. के रूप में जमा की जाती है तो उस 07 दिवस के भीतर शेष 15 प्रतिशत राशि जमा करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर वनमंडलाधिकारी स्वीकृति प्राप्त किया जाना अनिवार्य है। आवेदन पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर जमा 10 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि शासन के पक्ष में राजसात कर लाट निरस्त कर दी जावेगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित क्रेता की होगी।

वनमंडलाधिकारी
गरियाबंद, वनमंडल गरियाबंद

G- 242504072/2

## Govt. of Jharkhand
## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department,
Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in

### e-Procurement Very Short Notice
**3rd call**

e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/39/24-25 Dated **25.11.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for exploration of Feasibility report cum preparation of Detailed project report for construction of Elevated Corridor/at Grade along the Bank of Swarnarekha River at Hinoo Emerald Hotel to Sail Satellite City via DPS School including replacement of culverts and bridges, proposal for new culverts and bridges, complete Land Acquisition Proposal including ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal , Forest Diversion Proposal with clearance of all stages etc as required if any, at Ranchi in the state of Jharkhand. from Consultants empanelled in CategoryII with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Work completion time | 60 Days |
| 3- | Tentative Length | 5.00 km |
| 4- | Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD) | **Cost of Tender Document**: - Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand) (Non-Refundable) through online mode only. **EMD** :- Rs- 1,00,000/- (Rupees One Lac) through online mode only. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in ) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 27.11.2024, 05.00 PM |
| 6- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 05.12.2024, 12.30 PM |
| 7- | Date and Timing of Bid opening | 06.12.2024, 12.30 PM |
| 8- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi-834002, Mobile No-8051090751 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.i n) |
| 10- | Pr No | 337263 Road(24-25) |

For further information please go through the website http:// jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**Field Survey Division,A.P**
**Road Construction Department,Ranchi**

PR 340356 Road(24-25)#D

## पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

**।। दावा आपत्ति सूचना।।**

क्र. 801/ विकास /2024 रायपुर, दिनांक 26/11/2024

**Ion Chromatograph उपकरण के AMC के लिये Proprietary Certificate होने के संबंध में दावा आपत्ति सूचना**

विश्वविद्यालय के रसायन अध्ययनशाला में स्थापित Ion Chromatograph उपकरण के AMC हेतु निर्माता फर्म Thermo Fisher Scientific India Pvt. Ltd. के प्रस्ताव के साथ प्राप्त Proprietary Certificate for ICS - 20043027 System होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः किसी फर्म / संस्था को उक्त के संबंध में किसी भी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो दिनांक 27/12/2024 तक अपना दावा आपत्ति कुलसचिव, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) के नाम से विकास विभाग में रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट / कोरियर के माध्यम से प्रस्तुत करें। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावों पर विचार नहीं किया जावेगा। विस्तृत सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.prsu.ac.in में उपलब्ध है।

S-42220/1 कुलसचिव

## JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan,Kutchery Chowk,Ranchi-834001,Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878; e-mail Id-; pdt.juidco@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

### TENDER CANCELLATION NOTICE
25/11/2024

NIT No: - JUIDCO/NIT/Bansi_nagar/WSS/636
Tender ID: - 2024_UDD_95652_1
PR No:- 338648
Project Title: **Shri Banshidharnagar Urban Water Supply Scheme with 5 years of Operation and Maintenance**

The tender having details as mentioned above is cancelled due to unavoidable reasons. All bidders are therefore requested to wait for future correspondence regarding fresh tender.

Sd/-
Project Director (Tech.)
JUIDCO Ltd., Ranchi

PR 340386 Urban Development and Housing(24-25).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
## पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, सरायकेला–खरसावाँ।

**अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–टेंडर रेफरेन्स नं०–प०नि०वि०/सरायकेला/11 दिनांक 26.11.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | काण्ड्रा–चौका सेक्शन के चैनेज 5+780 कि०मी० में अवस्थित टॉल प्लाजा में User Fee का Collection। |
| 2. | राशि (Annual Potential Collection) | रू० 13.5115120 करोड़ (रुपये ग्यारह करोड़ एकावन लाख पन्द्रह हजार एक सौ बीस) मात्र |
| 3. | User Fee Collection की अवधि | 02 (दो) वर्ष |
| 4. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय | 17.12.2024 12:00 बजे दोपहर तक |
| 5. | वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 02.12.2024 10:30 बजे अपराह्न |
| 6. | निविदा प्रकाशन करनेवाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, सरायकेला–खरसावाँ। |
| 7. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9199867872 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2401010 |

नियम एवं शर्तें के लिए बेबसाईट–www.jharkhandtenders.gov.in पर देखें।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल,
सरायकेला–खरसावाँ।

PR 340454 (Road) 24-25 (D)

## कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी,
सामु. स्वा. केन्द्र तुमगांव विकासखण्ड व जिला-महासमुन्द (छ.ग.)
मुख्य मार्ग महासमुन्द चौक तुमगांव, वि.ख. महासमुन्द
दुरभाषनं. 07723-223232, ईमेल आईडीः bmo_msmd@rediffmail.com

क्रमांक / स्थापना /2024-25/997 महासमुन्द, दिनांक 20/11/2024

### // निविदा सूचना //

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमगॉव वि.ख. जिला महासमुन्द मे वर्ष 2024-25 हेतु प्रसुता / सामान्य भर्ती मरीजो को भोजन, चाय, नाश्ता एवं प्रशिक्षण, बैठक मे चाय, नाश्ता, भोजन, गद्दा सेट, स्टेशनरी सामग्री आदि प्रदाय करने हेतु शासन द्वारा प्राप्त मार्गदर्शी नियमो के अनुसार संबंधित पंजीकृत फर्म/समुह / एनजीओ से एक वर्ष के अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है उक्त मद मे लगभग आठ लाख पच्चास हजार व्यय होने की सम्भावना है।

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय- 05.12.2024 सांय 4.00 बजे
निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय- 06.12.2024 दोप. 02.00 बजे
निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय- 09.12.2024 सांय 04.00 बजे

**स्थान :** कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमगाँव, जिला / विकासखण्ड महासमुन्द छ.ग.

**समय :** निर्धारित तिथि को कार्यालयीन दिवसो मे प्रातः 11.00 बजे से संध्या 04.00 बजे तक आवेदन के साथ 500/- रूपये नगद भुगतान कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किये जा सकते है।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमगांव
विकासखण्ड - महासमुन्द

G-242504070/2

## कार्यालय प्रमुख अभियन्ता,
## लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर

**( केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ ) ई - प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक / दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 161376 द्वितीय आमंत्रण 20.11.2024 | नाबार्ड योजनांतर्गत जिला सूरजपुर के सत्यनगर में जाबरपारा - केवताली मार्ग में माघा नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 232.41 |
| 2 | 161446 द्वितीय आमंत्रण 20.11.2024 | बोधापारा बोडतरा मार्ग ( एम. डी. आर. 43 ) लंबाई 13.80 कि.मी. का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य। | 2228.32 |
| 3 | 161496 प्रथम आमंत्रण 20.11.2024 | शासकीय डी. के. कालेज बलौदाबाजार में सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रेक (08 लेन 400 मीटर एवं 8000 वर्गमीटर) का निर्माण कार्य। बलौदाबाजार संभाग। जमा मद कार्य। | 898.68 |
| 4 | 161480 तृतीय आमंत्रण 21.11.2024 | रायपुर शहर के शास्त्री चौक रायपुर में सड़कों के ऊपर स्कॉईवॉक ( फुट ओव्हर ब्रिज ) का निर्माण कार्य हेतु शेष कार्य। | 3141.81 |
| 5 | 161457 द्वितीय आमंत्रण 21.11.2024 | नाबार्ड योजनांतर्गत जरमौहा- चौड़ीभाठा (लाफा) मार्ग पर गुंजन नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 242.81 |
| 6 | 161458 तृतीय आमंत्रण 21.11.2024 | नाबार्ड योजनांतर्गत जिला कोरबा के झांझ-गाड़ाघाट मार्ग में पितनी नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 263.89 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि सं.क्र. 04 एवं सं.क्र. 06 दिनांक 03.12.2024, सं.क्र. 03 दिनांक 13.12.2024 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 09.12.2024 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

G-242504066/4

## खबर संक्षेप



### भारत का रियाद डिजाइन कानून संधि पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भारत ने रियाद डिजाइन कानून संधि पर हस्ताक्षर किए हैं जिसका मकसद विभिन्न देशों में औद्योगिक डिजाइन की पंजीकरण प्रक्रिया को सुसंगत और सरल बनाना है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को बयान कहा, लगभग दो दशक की बातचीत के बाद विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) के सदस्य देशों ने डिजाइन कानून संधि (डीएलटी) को अपनाया है।

### जोमैटो क्यूआईपी से 8500 करोड़ जुटाएगी




**नई दिल्ली।** ऑनलाइन ऑर्डर पर खाना पहुंचाने की सुविधा देने वाली कंपनी जोमैटो पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिये पूंजी जुटाने के लिए निर्गम लेकर आई है। निर्गम के लिए न्यूनतम मूल्य 265.91 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। यह निर्गम सोमवार को खुला। कंपनी ने इससे पहले कहा था कि वह क्यूआईपी पेशकश के जरिये 8,500 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है।

### एमवे इंडिया का घाटा हुआ दोगुना से अधिक




**नई दिल्ली।** सीधे ग्राहकों को बिक्री करने वाली (डायरेक्ट सेलिंग) कंपनी एमवे इंडिया एंटरप्राइजेज का बीते वित्त वर्ष (2023-24) का शुद्ध घाटा बढ़कर 52.78 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। इस दौरान कंपनी परिचालन राजस्व 1,283.75 करोड़ रुपये रहा है। एमवे ने कंपनी पंजीयक (आरओसी) को दी जानकारी में बताया कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में उसकी कुल आय मामूली रूप से 0.7 प्रतिशत बढ़कर 1,293.97 करोड़ रुपये हो गई।

### सुरक्षा डायग्नोस्टिक निर्गम के लिए मूल्य दायरा तय

**नई दिल्ली।** एकीकृत डायग्नोस्टिक श्रृंखला सुरक्षा डायग्नोस्टिक लिमिटेड ने 846 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 420-441 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने घोषणा की कि आईपीओ 29 नवंबर को खुलेगा और तीन दिसंबर को बंद होगा। एंकर (बड़े) निवेशक 28 नवंबर को बोली लगा पाएंगे।

# मूडीज ने अदाणी के कंपनियों की साख घटाई पर कहा नकदी पर्याप्त

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

रेटिंग एजेंसी मूडीज ने मंगलवार को कहा कि उसने अदाणी की सात इकाइयों के साख परिदृश्य को 'स्थिर' से घटाकर 'नकारात्मक' कर दिया है। मूडीज ने ऐसा करने के लिए समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी और अन्य पर कथित रूप से रिश्वत देने में शामिल होने के अभियोग लगाए जाने का हवाला दिया। फिच रेटिंग्स ने समूह के कुछ बॉन्ड को नकारात्मक निगरानी में रखा है।मूडीज ने सभी सात इकाइयों - अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन लिमिटेड, अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के दो सीमित प्रतिबंधित समूह, अदाणी ट्रांसमिशन स्टेप-वन लिमिटेड, अदाणी ट्रांसपोर्टेशन प्रतिबंधित समूह 1 (एईएसएल आरजी1), अदाणी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई लिमिटेड और अदाणी इंटरनेशनल कंटेनर टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड की रेटिंग की पुष्टि की।

- फिच ने कुछ बांड को 'नकारात्मक' श्रेणी में रखा
- एजेंसी ने अदाणी की सात इकाइयों को नकारात्मक कर दिया
- कहा, अभियोग के कारण समूह का वित्तपोषण कमजोर हो सकता है



**अदाणी एनर्जी व अदाणी इलेक्ट्रिसिटी भी नकारात्मक सूची में**

मूडीज ने कहा कि यदि कानूनी कार्यवाही स्पष्ट रूप से बिना किसी नकारात्मक ऋण प्रभाव खत्म हो जाती है तो रेटिंग दृष्टिकोण को स्थिर में बदला जा सकता है। इसके अलावा, फिच ने अदाणी एनर्जी और अदाणी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई की रेटिंग को नकारात्मक निगरानी सूची में डाल दिया।

### फिच जांच की निगरानी करेगी

फिच ने कहा, ''यह कॉरपोरेट प्रशासन संबंधी जोखिम को दर्शाता है, जो वित्तपोषण पहुंच और नकदी को प्रभावित कर सकता है।'' फिच ने कहा कि वह रेटिंग वाली इकाइयों के वित्तीय क्षमता पर किसी भी प्रभाव के लिए जांच की निगरानी करेगी।

### एजेंसी को उम्मीद समूह के पास पर्याप्त नकदी

रेटिंग एजेंसी को उम्मीद है कि एईएसएल और एईएमएल के पास निकट अवधि के लिए पर्याप्त नकदी होगी, क्योंकि अगले 12-18 महीनों में कोई महत्वपूर्ण ऋण परिपक्वता नहीं है।

### पूंजी लागत बढ़ सकती है

मूडीज ने कहा कि अमेरिका में अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) के चेयरमैन गौतम अदाणी और कई वरिष्ठ प्रबंधन अधिकारियों पर अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय के आपराधिक मामले में अभियोग लगाए जाने के कारण अदाणी समूह की वित्तपोषण तक पहुंच कमजोर हो सकती है और इसकी पूंजी लागत बढ़ सकती है।

## सीआईआई के सम्मेलन में बोले वित्तीय सेवा सचिव नागराजू

# सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक कर्ज वृद्धि को गति देने के लिए नए उत्पाद लाएंगे

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने मंगलवार को कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक कर्ज वृद्धि में सुधार के लिए अगले कुछ माह में नये उत्पाद लाएंगे। उन्होंने यहां उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वित्तीय समावेश और वित्तीय प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा। नागराजू ने कहा, ''हम वास्तव में कर्ज वृद्धि के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम जितना संभव हो उतना कर्ज में वृद्धि करना चाहते हैं क्योंकि हमारे पास बड़ी संख्या में युवा हैं।'' नागराजू ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम) सहित सभी क्षेत्रों के लिए कर्ज बढ़ाने को लेकर अगले तीन-चार महीनों में नये उत्पाद लाने जा रहे हैं।

### नए क्रेडिट मॉडल की घोषणा शामिल

सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में छोटे कर्जदारों के लिए कर्ज उपलब्धता में सुधार के लिए पहले ही कई कदम उठाए हैं। इसमें बिना किसी पिछले वित्तीय रिकॉर्ड वाले उधारकर्ताओं को ऋण देने के लिए बजट में एक नये 'क्रेडिट मॉडल' की घोषणा भी शामिल है।

**खास बातें**

- कहा, हम कर्ज वृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि हमारे पास युवा है
- पीएसयू बैंक एमएसएमई क्षेत्र में कर्ज के लिए नए उत्पाद लाएंगे
- पिछले कुछ वर्षों में छोटे कर्जदारों के लिए कर्ज उपलब्धता में सुधार हुआ




### बढ़ती डिजिटल धोखाधड़ी स्थिरता के लिए खतरा

नागराजू ने कहा कि हालांकि बैंक क्षेत्र मजबूत है, बढ़ती डिजिटल धोखाधड़ी वित्तीय क्षेत्र की स्थिरता के लिए खतरा पैदा कर रही है और बैंकों को इस चुनौती से निपटने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि डिजिटल नवोन्मेष और वित्तीय साक्षरता दोनों ही इसे कम करने में मदद करेंगे।

### बैंकों के नियमों में बदलाव लाएगा

कार्यक्रम के दौरान अलग से बातचीत में नागराजू ने यह भी कहा कि मानसून सत्र के दौरान संसद में पेश किए गए बैंकिंग संशोधन विधेयक को मौजूदा शीतकालीन सत्र में आगे बढ़ाया जाएगा। इस संशोधन विधेयक का उद्देश्य बैंक नियमों में बदलाव लाना है। इसमें निदेशकों के लिए हितों को फिर से परिभाषित करना, बैंक जमा के लिए नामांकित व्यक्तियों की संख्या बढ़ाना और अनुपालन रिपोर्टिंग तिथियों को बदलना शामिल है।

### स्टार्टअप के मामले में भारत तीसरा बड़ा देश

नागराजू ने वित्तीय प्रौद्योगिकी पर कहा कि स्टार्टअप के मामले में भारत तीसरा सबसे बड़ा देश है और इस क्षेत्र में लगभग 13,000 ऐसी इकाइयां काम कर रही हैं। सरकार वित्तीय समावेश लक्ष्य के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए विशेष रूप से कम पहुंच वाले क्षेत्रों में वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) उद्योग के साथ मिलकर काम कर रही है।

### फिनटेक कंपनियों के लिए अनुपालन बोझ कम होगा

वित्तीय सेवा सचिव ने कहा, ''सरकार कारोबार सुगमता को बढ़ावा देने और फिनटेक कंपनियों के लिए अनुपालन बोझ को कम करने को लेकर विभिन्न स्तर पर प्रयास कर रही है।'' वित्तीय सेवा सचिव ने फिनटेक उद्योग को एक सुविधाजनक परिवेश प्रदान करने को लेकर सरकार के निरंतर प्रयासों का जिक्र किया।

# दो दिन की तेजी पर ब्रेक सेंसेक्स 106 अंक टूटा

## टीसीएस, रिलायंस बढ़ के साथ हुए बंद

एजेंसी ▸▸| मुंबई



कमजोर वैश्विक रुख के बीच मंगलवार को प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में दो दिन से जारी तेजी थम गई। विशेषज्ञों ने कहा कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार शुल्क संबंधी 'धमकियों' के कारण बाजार की धारणा कमजोर हुई।उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 105.79 अंक गिरकर 80,004.06 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान यह 311.18 अंक गिरकर 79,798.67 अंक पर आ गया था। निफ्टी 27.40 अंक या 0.11 प्रतिशत गिरकर 24,194.50 अंक पर बंद हुआ। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''हाल ही में आई जोरदार तेजी के बाद घरेलू बाजार में ठहराव आया। हालांकि, व्यापक बाजार में तेजी बनी रही। एमएससीआई के फिर से संतुलित होने के साथ एफआईआई बिकवाली का लंबा सिलसिला तोड़ते हुए शुद्ध खरीदार बन गए हैं।''

- व्यापार शुल्क संबंधी ट्रंप की धमकी से बाजार धारणा कमजोर

### इन शेयरों में लाभ-हानि

सेंसेक्स के शेयरों में अल्ट्राटेक सीमेंट, अदाणी पोर्ट्स, सन फार्मा, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो और पावर ग्रिड में उल्लेखीय गिरावट हुई। दूसरी ओर एशियन पेंट्स, इन्फोसिस, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और रिलायंस इंडस्ट्रीज बढ़त के साथ बंद हुए।

### अदाणी की सभी कंपनियों के शेयरों में गिरावट

अदाणी समूह की सभी सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। शेयर बाजारों में कमजोरी के रुख के अनुरूप बीएसई पर अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) का शेयर 7.05 प्रतिशत लुढ़ककर 899.40 रुपये पर आ गया। अदाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 4.78 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,149.80 रुपये और अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का शेयर 3.79 प्रतिशत गिरावट के साथ 601.15 रुपये पर आ गया।

# सोने में 1,250 रुपए की टूट चांदी 1,100 रुपए लुढ़की

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों में डॉलर के मजबूत होने के बीच सराफा की चमक फीकी पड़ने से मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,250 रुपये की गिरावट के साथ 78,150 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,000 रुपये की गिरावट के साथ 79,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

- सोने में 1,250 रुपए की गिरावट, चांदी 1,100 रुपए टूटी



### कॉमेक्स में सोना बढ़कर ट्रेड

वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स सोना वायदा 13.40 डॉलर प्रति औंस या 0.51 प्रतिशत बढ़कर 2,656 डॉलर प्रति औंस हो गया। एशियाई बाजार में चांदी भी 0.94 प्रतिशत बढ़कर 30.95 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

## वेदांता सऊदी की परियोजनाओं में दो अरब डॉलर करेगी निवेश

**नई दिल्ली।** वेदांता लिमिटेड ने सऊदी अरब में महत्वपूर्ण तांबा परियोजनाओं में दो अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की योजना बनाई है। वेदांता लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई वेदांता कॉपर इंटरनेशनल ने सऊदी अरब के निवेश मंत्रालय और उद्योग एवं खनिज संसाधन मंत्रालय के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता 400 किलो टन प्रति वर्ष (केटीपीए) क्षमता वाले नए तांबा स्मेल्टर एवं शोधन संयंत्र और 300 केटीपीए क्षमता वाली तांबा रॉड परियोजना लगाने के लिए है।



# कनाडा, मेक्सिको से आयात पर शुल्क लगाएंगे डोनाल्ड ट्रंप

एजेंसी ▸▸| वाशिंगटन

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह अमेरिका में अवैध प्रवासियों और मादक पदार्थों के प्रवाह को रोकने के लिए कनाडा और मेक्सिको से आने वाले सभी उत्पादों पर 25 प्रतिशत और चीन की वस्तुओं पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ' पर जानकारी दी कि वह 20 जनवरी को पदभार ग्रहण करने के बाद सबसे पहले इन तीन देशों पर शुल्क लगाने वाले कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर करेंगे। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने कहा, 'जैसा कि सभी जानते हैं, हजारों लोग मेक्सिको तथा कनाडा से होकर आ रहे हैं और अपने साथ कई अपराध तथा मादक पदार्थ ला रहे हैं। अभी मेक्सिको से आ रहा हजारों लोगों का कारवां हमारी वर्तमान खुली सीमा से होकर आता है।' ट्रंप ने कहा, '20 जनवरी को अपने कई पहले कार्यकारी आदेशों में से एक के रूप में, मैं मेक्सिको और कनाडा से अमेरिका में आने वाले सभी उत्पादों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के लिए सभी आवश्यक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करूंगा ...।' उन्होंने कहा, यह शुल्क तब तक लागू रहेगा जब तक मादक पदार्थ खासकर फेंटानिल और सभी अवैध विदेशी हमारे देश में यह सब करना बंद नहीं कर देते।

- कनाडा व मेक्सिको के सभी उत्पादों पर 25 फीसदी लगेगा शुल्क



डॉ.वाशानी दर-दाँत गम पेंट
दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घंटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।
HMS शिव मस्सा नाशक

## बिजनेस साइट

### रायपुर में राष्ट्रीय दुग्ध दिवस पर जन जागरूकता बाइक रैली का आयोजन



**रायपुर।** 'मिल्क मैन ऑफ इंडिया' के नाम से प्रसिद्ध और श्वेत क्रांति के जनक पद्म भूषण डॉ. वर्गीज़ कुरियन के योगदान को याद करते हुए 26 नवंबर को छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ द्वारा एक जन जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया। यह दिन 'राष्ट्रीय दुग्ध दिवस' के रूप में मनाया जाता है, जो हर साल डॉ. कुरियन की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। सुबह 10:00 बजे से 11:30 बजे तक आयोजित इस रैली में दुग्ध महासंघ के पार्लर संचालक, वितरक और अधिकारी/कर्मचारी शामिल हुए। लगभग 20 दोपहिया वाहनों के साथ 40 लोगों ने यातायात नियमों का पालन करते हुए रायपुर शहर में दूध की पौष्टिकता को लेकर जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रैली का नेतृत्व किया। रैली के दौरान विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया गया। इस रैली के दौरान छोटे फ्लेक्स पर दूध की पौष्टिकता के बारे में जानकारी दी गई और लोगों को सही आहार विकल्पों के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। दुग्ध उत्पादों के स्वास्थ्य लाभ को ध्यान में रखते हुए यह आयोजन प्रदेशवासियों के बीच दूध की महत्वपूर्ण भूमिका को समझाने में सहायक सिद्ध हुआ।

- डॉ. वर्गीज़ कुरियन के योगदान को याद करते हुए दूध के महत्व पर जागरूकता फैलाई

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

# आईपीएल इतिहास के 10 सबसे खतरनाक बल्लेबाज, भारत के चार खिलाड़ियों का खौफ



एजेंसी ▶▶| मुंबई

आईपीएल 2025 के लिए मेगा ऑक्शन खत्म हो गया है। एक बार फिर आईपीएल अगले साल से नए सिरे के साथ फैन्स के बीच आएगा। अब तक 2024 तक आईपीएल टूर्नामेंट के 17 सीजन हो चुके हैं, अगले साल से आईपीएल का 18वां सीजन खेला जाएगा।0 आईपीएल 2024 तक इस टूर्नामेंट में कई ऐसे बल्लेबाज दिखाई दिए जिन्होंने अपने खेल से विश्व क्रिकेट को चौंका कर रख दिया था। ऐसे में जानते हैं, आईपीएल इतिहास के 10 सबसे खतरनाक बल्लेबाजों के बारे में।



## यूनिवर्स बॉस क्रिस गेल

क्रिस गेल 'यूनिवर्स बॉस" के नाम से भी जाना जाता है, क्रिस गेल की खेल शैली बहुत ही विध्वंसक रही है। आईपीएल के इतिहास में गेल एक पारी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। गेल ने आईपीएल में भी अपनी विस्फोटक पारियों से फैन्स को झूमने का मौका दिया है। टी20 क्रिकेट में सबसे ज़्यादा शतक और सबसे ज़्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड भी उनके नाम है। गेल अपनी बल्लेबाजी के दौरान खास तौर पर बाएं हाथ के स्पिनरों और मध्यम गति के गेंदबाजों के खिलाफ़ तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी की। यही वजह है कि वह आईपीएल में सबसे खतरनाक और खौफ़नाक बल्लेबाजों में से एक हैं।



## ग्रेटेस्ट प्लेयर विराट कोहली

कोहली भी इस इस लिस्ट में हैं। उनका रिकॉर्ड ही उनकी पहचान है। कोहली आईपीएल इतिहास के ग्रेटेस्ट प्लेयर में से एक रहे हैं। 2015 और 2016 के आईपीएल में कोहली ने जिस अंदाज में बल्लेबाजी की थी उसकी तुलना कोई बल्लेबाज कर ही नहीं सकता है। भले ही हाल के समय में कोहली बड़ा कारनामा नहीं कर पा रहे हैं लेकिन आईपीएल इतिहास में कोहली यकीनन एक खतरनाक बल्लेबाज रहे हैं।



## रोहित शर्मा

रोहित भी आईपीएल के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों की लिस्ट में हैं। रोहित सलामी बल्लेबाज के रूप में भी कमाल के रहे हैं। उनका स्ट्राइक रेट 130 का है और उन्होंने अपनी बल्लेबाजी के जरिए कई जीत में योगदान दिया है।



## कैप्टन कूल एम एस धोनी

कैप्टन कूल एमएस धोनी अपनी मैच-फिनिशिंग काबिलियत के लिए प्रसिद्ध हैं। इस खिलाड़ी का करियर स्ट्राइक रेट 135.91 है और उन्होंने सीएसके को कई आईपीएल खिताब जिताए हैं। धोनी ने हमेशा डेथ ओवरों में खेलने का मुश्किल काम अपने कंधों पर लेते हैं और उसमें सफल भी रहते हैं। आखिरी ओवरों में धोनी की बल्लेबाजी देखने वाली होती है। यही कारण है कि धोनी आईपीएल इतिहास के सबसे विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक रहे हैं।

## मिस्टर आईपीएल सुरेश रैना

मिस्टर आईपीएल के नाम से मशहूर सुरेश रैना लंबे समय से चेन्नई सुपर किंग्स की बल्लेबाजी लाइनअप की रीढ़ रहे थे। लक्ष्य का पीछा करने में माहिर, शानदार स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करने वाले और बीच के ओवरों में स्पिनरों के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले रैना बड़े मंच पर भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए जाने जाते हैं। आईपीएल के अब तक के सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक रैना आईपीएल नॉकआउट में सबसे खतरनाक बल्लेबाज रहे थे। उन्होंने सीएसके को अब तक की सबसे सफल आईपीएल फ्रैंचाइजी बनाने में अहम योगदान दिया है।

## मिस्टर 360 एबी डिविलियर्स

एबी डिविलियर्स को "मिस्टर 360" के रूप में जाना जाता है। मुख्य रूप से रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए खेलते थे, डिविलियर्स ने 151.68 के स्ट्राइक रेट के साथ आईपीएल में रन बनाए हैं। आईपीएल में उनका सर्वोच्च स्कोर 133 रन रहा है। किसी भी तरह के गेंदबाज का सामना करने की उनकी क्षमता के कारण वे आईपीएल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। लगभग सभी बेहतरीन गेंदबाजों ने एबी डिविलियर्स को सबसे मुश्किल बल्लेबाज करार दिया है।

## कीरोन पोलार्ड



पोलार्ड ने अपना पूरा करियर मुंबई इंडियंस के लिए खेला और कई सारे मैच जीतने में अहम किरदार निभाने में सफल रहे। पोलार्ड इतने खतरनाक थे कि वो किसी भी पल मैच को बदल देते थे। विरोधी कप्तान उनके लिए ख़ास फ़ील्ड की योजना बनाते थे और उनकी अपनी टीम उन्हें सबसे तनावपूर्ण परिस्थितियों के लिए रखती थी। पोलार्ड आईपीएल इतिहास के सबसे हैरतअंगेज बल्लेबाजों में से एक रहे हैं।

## जोस बटलर



जोस बटलर एक ऐसे बल्लेबाज रहे हैं जिन्होंने अपने खेल से मैच को बदलने का काम किया है। राजस्थान रॉयल्स का प्रतिनिधित्व करते हुए, जोस बटलर का स्ट्राइक रेट सबसे ज़्यादा 148.32 का रहा था। अपनी तेज बल्लेबाजी के ज़रिए वो आईपीएल इतिहास के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में शामिल हैं।

## डेविड वार्नर

डेविड वार्नर इस सूची में तीसरे नंबर पर है, इसका कारण ये है कि वो आईपीएल में ऑरेंज कैप की दौड़ में लगातार मौजूद रहते थे। सभी तरह के गेंदबाज़ी के खिलाफ़ रन बनाते थे। ख़ास तौर पर शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में वो माहिर रहे हैं। उनका स्ट्राइक रेट 139.91 है, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 126 है।





## ग्लेन मैक्सवेल

ग्लेन मैक्सवेल हर शॉट खेल सकते हैं और कुछ शॉट तो उन्होंने खुद भी बनाए हैं। मैक्सवेल भले ही ज्यादातर मौके पर असफल रहते थे लेकिन उनकी बल्लेबाजी का स्टाइल ही उन्हें खतरनाक बल्लेबाज के रूप में पहचान दिलाता है। अगर वे 40 गेंदों तक क्रीज पर टिके रहते हैं, तो समझ जाएं कि तूफान आने वाला है। जब मैक्सवेल अपने फॉर्म में रहते हैं तो गेंदबाजों की हवा निकल जाती है।

## खबर संक्षेप

### निजी आपात स्थिति के कारण स्वदेश लौटे गंभीर, एडीलेड में लौटेंगे

**पर्थ।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर निजी आपात स्थिति' के कारण स्वदेश अपने परिवार के पास लौट आये हैं और कैनबरा में 30 नवंबर से होने वाले दो दिवसीय दिन रात के अभ्यास मैच में उनके मौजूद होने की संभावना नहीं है। गंभीर छह दिसंबर से एडीलेड में होने वाले गुलाबी गेंद के टेस्ट के लिये टीम से जुड़ेंगे। समझा जाता है कि गंभीर ने वापसी को लेकर बीसीसीआई से अनुमति मांगी है । मंगलवार की सुबह हुए रवाना बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया वह मंगलवार की सुबह भारत के लिये रवाना हो गए। यह एक निजी इमरजेंसी थी।



### नॉर्वे शतरंज महिला में हिस्सा लेंगी वैशाली

**स्टेवेंगर (नॉर्वे)।** भारत की उभरती हुई स्टार खिलाड़ी वैशाली रमेशबाबू नॉर्वे शतरंज महिला 2025 टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। वैशाली की नजरें इस टूर्नामेंट में शीर्ष तीन में जगह बनाने पर टिकी होंगी।दुनिया की 16वें नंबर की खिलाड़ी वैशाली के लाइव रेटिंग 2475 अंक (नवंबर 2024) है। उन्होंने 2023 में फिडे महिला ग्रैंड स्विस खिताब जीतकर 2024 महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह बनाई थी।

# 'गजब हो गया', पूर्व श्रीलंकाई कप्तान दासुन ने तीन गेंद में लुटाए 30 रन

एजेंसी ▶▶| अबूधाबी

अबू धाबी टी10 लीग 2024 का 18वां मुकाबला डेल्ही बुल्स और बांग्ला टाइगर्स के बीच अबू धाबी स्थित शेख जायद क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। जहां बांग्ला टाइगर्स की टीम को सात विकेट से जीत मिली। मैच के दौरान डेल्ही बुल्स की तरफ से शिरकत कर रहे पूर्व श्रीलंकाई कप्तान दासुन शनाका के लिए कल कभी ना भूलने वाली घटना घटी।

दरअसल, आपने कभी ना कभी तो जरुर देखा होगा कि किसी गेंदबाज के शुरुआती तीन गेंदों पर तीन चौके या तीन छक्के लगे हों। मगर कोई गेंदबाज अपने शुरुआती तीन गेंदों पर ही 30 रन खर्च दिए हों। यह ना तो आपने कभी देखा होगा और ना ही सुना होगा। मगर ऐसा वाक्या भी अब घट चुका है। डेल्ही बुल्स की तरफ से पारी का नौवां ओवर डालने आए दासुन शनाका ने अपने शुरुआती तीन गेंदों में 30 रन खर्च करते हुए एक अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है।

## बल्लेबाज ने ठोके चौके-छक्के



## ऐसा रहा दासुन का ओवर

बांग्ला टाइगर्स के खिलाफ नौवां ओवर डालने आए शनाका की पहली गेंद पर विपक्षी बल्लेबाज निखिल चौधरी ने बैकवर्ड स्क्वायर लेग की दिशा में शानदार चौका लगाया। इसके बाद अगली दो गेंदे शनाका ने नो बॉल डाली। जहां दोनों गेंदों पर फ्री हिट का फायदा उठाते हुए निखिल ने फिर चौका जड़ा। अगली दो गेंदे शनाका की सही तो रहीं, लेकिन यहां निखिल ने फिर से जोरदार तरीके से बल्ला घुमाया और क्रमशः चौका और छक्का बटोरने में कामयाब रहे।

## दो गेंद फिर नो बॉल, निखिल ने फिर लगाए चौके

तीन गेंदों के बाद अगली दो गेंदें भी शनाका ने नो बॉल डालीं। जहां निखिल ने आखिरी नो बॉल पर डीप मिड विकेट की दिशा में बेहतरीन चौका लगाया। आखिरी के तीन गेंदों में हालांकि, शनाका वापसी करने में कामयाब रहे और महज तीन रन खर्च किए। इस तरह अपने महज एक ओवर में शनाका ने कुल 33 रन लुटाए।

# पंत से बोले जिंदल- उम्मीद है कभी फिर साथ होंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के सह मालिक पार्थ जिंदल ने मंगलवार को ऋषभ पंत के टीम से अलग होने पर दुख जताने के साथ उम्मीद भी व्यक्त की कि भविष्य में वे फिर कभी साथ आयेंगे। दिल्ली ने आईपीएल की मेगा नीलामी से पहले कप्तान पंत को रिलीज कर दिया था। पंत को रिकॉर्ड 27 करोड़ रूपये में लखनऊ सुपर जाइंट्स ने खरीदा। दिल्ली ने राइट टू मैच का प्रयोग करके पंत को वापिस लेने की कोशिश भी की लेकिन लखनऊ की आखिरी बोली का मुकाबला नहीं कर सके। जिंदल ने एक्स पर भावुक पोस्ट में लिखा ऋषभ तुम मेरे छोटे भाई हो और हमेशा रहोगे। मैं तहेदिल से तुम्हें प्यार करता हूं। तुम्हें जाता देखना दुखद है और मैं इसे लेकर काफी भावुक हूं। तुम हमेशा दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा रहोगे और उम्मीद है कि एक दिन हम फिर साथ होंगे।



# 14 साल बाद भारत आएंगे लियोनेल मेस्सी अगले साल भारत में दो मैच खेलेगी अर्जेंटीना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केरल सरकार ने बुधवार को घोषणा की कि दिग्गज खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी की अगुवाई में अर्जेंटीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम अगले साल राज्य का दौरा करेगी। केरल के खेल मंत्री वी. अब्दुरहीमान ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध टीम केरल में दो मैत्रीपूर्ण मैच खेलेगी, जिसका आयोजन राज्य सरकार की पूर्ण निगरानी में किया जाएगा।

अब्दुरहीमान ने कहा कि आयोजन स्थल और प्रतिद्वंद्वी टीम का फैसला बाद में किया जाएगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि टीम के आगमन पर अंतिम निर्णय ले लिया गया है और इसमें कोई बदलाव नहीं है.



## दुनिया की एक नंबर टीम अर्जेंटीना आ रही

उन्होंने कहा लियोनेल मेसी सहित दुनिया की नंबर एक फुटबॉल टीम अर्जेंटीना केरल आ रही है... दो मैच होंगे। अब्दुरहीमान ने कहा कि अर्जेंटीना टीम का प्रबंधन टीम के राज्य दौरे के बारे में आधिकारिक घोषणा करेगा। मंत्री ने कहा कि फुटबॉल टीम से जुड़े लोग डेढ़ महीने के भीतर केरल आएंगे। उन्होंने कहा कि टीम से जुड़े व्यक्तियों से बातचीत की गई, जिन्होंने 2025 में भारत आने और मैत्रीपूर्ण मैच में भाग लेने पर सहमति व्यक्त की।

# जूनियर पुरूष एशिया कप हॉकी : आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम का आज थाईलैंड से होगा सामना

एजेंसी ▶▶| मस्कट (ओमान)

कोच पी आर श्रीजेश की आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम जूनियर एशिया कप पुरूष हॉकी टूर्नामेंट के पहले मैच में बुधवार को थाईलैंड से खेलेगी तो उसका पलड़ा भारी होगा। भारत को पूल ए में कोरिया, जापान, चीनी ताइपै और थाईलैंड के साथ रखा गया है। टूर्नामेंट में इस बार दस टीमें भाग ले रही हैं।



## भारतीय टीम का शेड्यूल

भारत को 28 नवंबर को जापान से और 30 नवंबर को चीनी ताइपै से खेलना है। भारत का आखिरी ग्रुप मैच एक दिसंबर को कोरिया से होगा। हर ग्रुप से शीर्ष दो टीमें तीन दिसंबर को सेमीफाइनल खेलेंगी। फाइनल एक दिन बाद होगा ।

# वेस्टइंडीज पहले टेस्ट में जीत के करीब, चौथे दिन गिरे 17 विकेट

**नॉर्थ साउंड।** बांग्लादेश की टीम पहले क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन वेस्टइंडीज से 224 रन पीछे है और दूसरी पारी के उसके तीन ही विकेट बाकी है। जीत के लिये 333 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ने चौथे दिन के आखिर में सात विकेट 109 रन पर गंवा दिये थे। चौथे दिन 17 विकेट गिरे जिनमें से 14 तेज गेंदबाजों ने लिये। खराब रोशनी के कारण लगातार तीसरे दिन खेल रोके जाने के समय जाकिर अली 15 रन बनाकर खेल रहे थे। उन्होंने मेहदी हसन मिराज (45) के साथ 43 रन की साझेदारी की। खेल समाप्त होने से चार ओवर पहले मेहदी आउट हो गए।

**इन गेंदबाजों ने चटकाए विकेट :** वेस्टइंडीज के लिये केमार रोच और जेडेन सील्स ने तीन तीन विकेट लिये। रोच ने जाकिर हसन (0), शहादत हुसैन (चार) और मोमिनुल हक (11) को आउट किया।

## विश्व शतरंज चैम्पियनशिप, काले मोहरों से खेला खेल

# गुकेश ने दूसरी बाजी में डिंग लिरेन से ड्रा खेला

एजेंसी ▶▶| सिंगापुर

भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने मंगलवार को यहां विश्व शतरंज चैम्पियनशिप की दूसरी बाजी में गत चैंपियन डिंग लिरेन से ड्रा खेला। चौदह बाजियों के इस मैच के शुरुआती मुकाबले को सोमवार को गंवाने वाले गुकेश ने काले मोहरों से खेलते हुए चीन के अनुभवी खिलाड़ी को ड्रा पर रोककर अच्छी वापसी की। पहला मुकाबला जीतने वाले लिरेन के पास अब 1.5-0.5 की बढ़त है।



## गुकेश सबसे कम उम्र के दावेदार

अठारह वर्षीय गुकेश विश्व खिताब के लिए सबसे कम उम्र के दावेदार हैं और वह विश्वनाथन आनंद के बाद यह खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बनने की कोशिश कर रहे हैं। चेन्नई के खिलाड़ी ने मुकाबला ड्रॉ होने के बाद कहा विश्व चैम्पियनशिप मैच में काले मोहरों के साथ ड्रा हमेशा अच्छा होता है। यह मैच अभी शुरुआती चरण में है और हमारे पास अभी काफी समय है। आनंद ने अपने शानदार करियर में पांच बार यह खिताब अपने नाम किया है।

## दबाव को मैं चुनौती मानता हूं : गुकेश

गुकेश ने कहा, '' विश्व चैम्पियनशिप में खेलने वाले किसी भी खिलाड़ी पर दबाव होना लाजमी है । यहां बहुत दबाव है। मैं हालांकि इसे एक चुनौती के तौर पर देख रहा हूं कि मैं इतने सारे लोगों और अपने देश का प्रतिनिधित्व कर सकता हूं।''उन्होंने कहा, ''मैं एक समय में एक मैच पर ध्यान दे रहा हूं। उम्मीद है कि चीजों को अपने पक्ष में कर पाउंगा।

## 7.5 अंक तक पहुंचने पर विजेता

पहला मुकाबला जीतने वाले लिरेन के पास अब 1.5-0.5 की बढ़त है। इस चैम्पियनशिप में 7.5 अंक तक पहुंचने वाला खिलाड़ी विजेता बनेगा। इसकी पुरस्कार राशि 2.5 मिलियन डॉलर है। चीन के 32 साल के लिरेन ने कहा कि वह दूसरे मुकाबले को ड्रॉ करके संतुष्ट है।






# मशीन के अंदर 70 साल गुजार डाले शख्स ने और बना वकील, बचपन से ही आधे शरीर में था लकवा

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

दुनिया में ऐसी कई बीमारियां हैं जो अगर किसी को हो जाए तो जिंदगी बेहद कठिन हो जाती है। पोलियो भी उन्हीं बीमारियों में से एक है। आज हम आपको पोलियो से ग्रसित एक ऐसे शख्स की हैरतअंगेज कहानी के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे अपनी जिंदगी के 70 साल एक मशीन के सहारे गुजारनी पड़ी। हम बात कर रहे हैं पॉल अलेक्जेंडर की। पॉल अलेक्जेंडर एक ऐसे व्यक्ति थे, जिनकी जिंदगी एक आयरन लंग (लोहे के फेफड़े) के अंदर सिमट कर रह गई। आयरन लंग मशीन में पॉल की गर्दन और सिर बाहर रहता था, बाकी का शरीर मशीन के अंदर पूरी तरह से सील होता था। इस मशीन में हवा का दबाव कम और ज्यादा करके सांस लेने का काम किया जाता था।


### कौन थे पॉल अलेक्जेंडर?

पॉल अलेक्जेंडर का जन्म 30 जनवरी 1946 अमेरिका के टेक्सस राज्य में हुआ था। 1952 में पोलियो की चपेट में आने के बाद उन्हें अपनी जिंदगी आयरन लंग के मदद के सहारे गुजारना पड़ा था। पोलियो जैसी खतरनाक बीमारी होने के बावजूद, पॉल ने कानून की पढ़ाई पूरी की और वकील बन गए। पॉल अलेक्जेंडर, आयरन लंग में रहते हुए उन्होंने कानूनी परीक्षाओं को पास किया, जो कि अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि थी।



### गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में किया गया दर्ज

21 मार्च 2024 को 76 साल के उम्र में उनका देहांत हुआ। उन्होंने 70 सालों तक अपनी जिंदगी आयरन लंग के अंदर गुजारा। इसके साथ ही उन्होंने एक बहुत बड़ा रिकॉर्ड बनाया, जो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। पॉल अलेक्जेंडर दुनिया के इकलौते व्यक्ति बने जो आयरन लंग में सबसे अधिक वर्षों तक जीवित रहे।



### एक अद्भुत जिंदगी

हालांकि, पॉल ने कभी हार नहीं मानी। उन्होंने अपनी इस स्थिति को स्वीकार किया और जीवन को भरपूर जीया। उन्होंने पढ़ाई की, किताबें लिखी, दोस्त बनाए और समाज सेवा में भी सक्रिय रहे। पॉल अलेक्जेंडर डर की कहानी एक प्रेरणा है। देखा जाए तो उन्होंने हमें सिखाया कि चाहे कितनी भी मुश्किल परिस्थितियां क्यों न हो, हमेशा आशा रखनी चाहिए और जीवन को जीना चाहिए। उन्होंने हमें यह भी सिखाया कि विकलांगता का मतलब यह नहीं है कि हम कुछ नहीं कर सकते।

## रोचक खबरें


### दावा : 'सब मरेंगे और जो बचेगा, वो पछताएगा' बिशप की भविष्यवाणी, घबरा गए लोग!

**सिडनी।** इंसान की फितरत है कि वो वर्तमान से ज्यादा अपने भविष्य के बारे में जानने को उत्सुक रहता है। अगर कोई आपका फ्यूचर बता रहा हो, तो लोग फटाफट उसके पास पहुंच जाते हैं। इस वक्त एक ऐसी ही भविष्यवाणी चर्चा में है, जो एक ऑस्ट्रेलियन बिशप ने की है। ये इतनी डरावनी है कि आप सोचकर ही घबरा जाएंगे। सिडनी में रहने वाले एक बिशप मार मरी इमैनुअल ने सनसनीखेज़ दावा करते हुए कहा है कि तीसरा विश्वयुद्ध बहुत खतरनाक होगा। इसमें जो बहुत से लोग जान गंवाएंगे और जो बचेंगे, वो पछताएंगे कि वो क्यों बच गए? सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बिशप ने अपनी भविष्यवाणी बताई है और कहा है कि वो इंसानियत के लिए कोई अच्छा भविष्य नहीं देख रहे हैं, बल्कि ये विनाशकारी समय होगा। डेली स्टार के मुताबिक बिशप मार मरी इमैनुअल ने वीडियो मैसेज में कहा है कि तीसरे विश्वयुद्ध में बहुत विनाश होगा। दुनिया की एक तिहाई जनसंख्या खत्म हो जाएगी और जो दो तिहाई लोग बचेंगे, वे सोचेंगे कि काश वो पैदा ही न हुए होते। पूरी धरती ही पिघल जाएगी और लोग भी। उन्होंने कहा कि न्यूक्लियर वेपन यूं ही फोटो खिंचाने के लिए नहीं बने हैं, बल्कि इनका इस्तेमाल होगा और ये सबसे विनाशकारी समय होगा।



### दाम : लग्ज़री के नाम पर लूट रहा है कैफे 1 लाख रुपए में है एक कप चाय!

**दुबई।** चाय-कॉफी ऐसे ड्रिंक्स हैं, जिनके लिए कोई शायद ही कभी मना करता है। इसकी वजह एक तो ये है कि ये काफी रिफ्रेशिंग हैं और दूसरी वजह ये है कि ये सस्ते होते हैं, जिसकी वजह से इन्हें हर कोई अफोर्ड कर सकता है। हालांकि आज हम आपको जिस चाय के बारे में बताने जा रहे हैं, उसे पीना हर किसी के बस की बात नहीं है। आपने अच्छी से अच्छी चाय 50 या 100 रुपए में पी होगी वरना इसका दाम 10-20 रुपए प्रति कप होता है। आज हम आपको ऐसी चाय के बारे में बताएंगे, जो एक लाख रुपए खर्च करने के बाद मिलती है।आप सुनकर हैरान मत होइए, इस चाय का दाम इतना ज्यादा इसलिए है, क्योंकि ये कोई ऐसी-वैसी नहीं बल्कि गोल्डेन टी है, जो यूं ही नहीं मिलती। आप भी सोच रहे हैं होंगे कि एक लाख रुपए की एक कप चाय मिल रही है, तो क्या सोने-चांदी में बनी है? तो आप बिल्कुल सही सोच रहे हैं, ये चाय सोने की है और इसे आपको पिलाया चांदी के बर्तन में जा रहा है। वायरल हो रहे वीडियो में आप देख सकते हैं दुबई के एक कैफे में ये चाय सर्व की जा रही है, जिसे 'गोल्ड कड़क' का नाम दिया गया है। बोहो कैफे में ये चाय भारतीय मूल की सुचेता शर्मा के दिमाग की उपज है। इसमें सोने की एक शीट डाली जाती है और और चांदी के बर्तन में सर्व किया जाता है। इसके साथ जो क्रोसों आपको मिलता है, उसमें भी गोल्ड डस्टिंग होती है। दिलचस्प ये भी है कि आप चाय पीने के बाद चांदी के बर्तनों को अपने साथ ले जा सकते हैं।



### यात्रा : साइकिल से लंदन जा रही 28 साल की ये लड़की! बीच में पड़ेंगे कई खतरनाक देश

**नई दिल्ली।** आज के समय में लोग घर से कुछ ही दूरी पर बनी किराने की दुकान भी पैदल नहीं जाना पसंद करते। ऐसे में सोचिए अगर एक महिला, 1500 किलोमीटर का सफल तय करे, वो भी साइकिल से। ऊंचे पहाड़, घने जंगल, जोखिम भरे रास्ते पार करते हुए अपनी मंजिल की ओर बढ़ रही है। दरअसल, 28 साल की निशा, जो पिछले साल माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाली वडोदरा की निवासी हैं, अब एक नई साहसिक यात्रा पर निकल गईं हैं। वह इस साइकिल यात्रा पर निकली, जो 16 देशों के बीच होगी। निशा ने बताया था कि उनकी यात्रा 23 जून को गुजरात के वडोदरा शहर से शुरू हुई थी। वह अहमदाबाद होते हुए राजस्थान के रास्ते दिल्ली तक पहुंचने का लक्ष्य रखती हैं, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मिलने की कोशिश की। इसके बाद वह, आगरा और गोरखपुर होते हुए मैं नेपाल पहुंची। निशा ने बताया, 'नेपाल से तिब्बत होते हुए मैं चीन के सिनो-इंडियन बॉर्डर से प्रवेश करूंगी। इसके बाद, मैं किर्गिज़स्तान, कजाखस्तान, उज़्बेकिस्तान, रूस होते हुए यूरोप की ओर बढ़ूंगी।'



## नौसेना

### जानें भारत के पास कितनी पनडुब्बी

# दुनिया की 10 सबसे शक्तिशाली पनडुब्बियां ताकत इतनी कि देशों को नेस्तनाबूद कर दें

**न्यूयार्क।** दुनिया के सभी देश समुद्र में अपनी शक्ति को बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। इसमें पनडुब्बियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ये गहरे समुद्र में जासूसी के साथ ही हमले जैसे मिशन को भी अंजाम दे सकती हैं। यही कारण है कि हर देश ज्यादा से ज्यादा पनडुब्बियों को अपनी नौसेना में शामिल करने की कोशिश कर रहा है। ऐसे में जानें दुनिया की 10 सबसे शक्तिशाली पनडुब्बियों के बारे में। क्या आप जानते हैं कि अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, चीन और फ्रांस कुछ ऐसे देश हैं, जिनके पास दुनिया की सबसे खतरनाक पनडुब्बियां हैं। ये पनडुब्बियां न सिर्फ अपने-अपने देशों की सैन्य शक्ति को बढ़ाती हैं, बल्कि न्यूक्लियर ट्रायड में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं। ऐसे में जानें दुनिया की 10 सबसे शक्तिशाली पनडुब्बियों के बारे में सबकुछ।



### अरिहंत-क्लास पनडुब्बी (भारत)

भारत के पास दो परमाणु शक्ति संचालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियां हैं। ये दोनों अरिहंत क्लास पनडुब्बियां हैं। वहीं, इस क्लास की तीसरी पनडुब्बी निर्माणाधीन है। यह 4 **K**-15 सागरिका और/या 4 **K**-4 बैलिस्टिक मिसाइल ले जा सकती है। पहली स्वदेशी रूप से विकसित एसएसबीएन के रूप में, अरिहंत भारत को अपने परमाणु शस्त्रागार के लिए एक सुरक्षा कवच भी है।

### ओहियो-क्लास पनडुब्बी (अमेरिका)

ओहियो-क्लास पनडुब्बियाँ बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी (**SSBN**) हैं और इनमें से लगभग 14 सेवा में हैं। यह 24 ट्राइडेंट **II D**5 बैलिस्टिक मिसाइलों को ले जा सकती है, जिनमें से प्रत्येक कई स्वतंत्र रूप से लक्षित पुनः प्रवेश वाहनों (**MIRV**) को ले जाने में सक्षम है। ओहियो-क्लास पनडुब्बियां अमेरिकी नौसेना में सबसे बड़ी **SSBN** हैं।

### बोरी क्लास पनडुब्बी (रूस)

बोरी-क्लास पनडुब्बियां भी बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी हैं। वर्तमान में चार बोरी-क्लास पनडुब्बियां रूसी नौसेना में सेवा में हैं और कई निर्माणाधीन हैं। यह 16 बुलवा बैलिस्टिक मिसाइलों को ले जा सकती है, जिनमें से प्रत्येक कई वारहेड ले जाने में सक्षम है। इन पनडुब्बियों को पुराने डेल्टा और टाइफून क्लास की जगह लेने के लिए डिजाइन किया गया है।

### वैनगार्ड-क्लास पनडुब्बी (यूनाइटेड किंगडम)

यह ब्रिटेन की बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी है। वर्तमान में 4 वैनगार्ड-क्लास पनडुब्बियां ब्रिटिश रायल नेवी में सेवा में हैं। यह 16 ट्राइडेंट **II D**5 बैलिस्टिक मिसाइलों को ले जा सकती है। इनमें उन्नत स्टील्थ तकनीक और मजबूत संचार प्रणाली शामिल हैं, ताकि इन्हें पकड़ा न जा सके और ये परिचालन में प्रभावी रहें।

### ट्रायम्फेंट-क्लास पनडुब्बी (फ्रांस)

ट्रायम्फेंट-क्लास एक फ्रांसीसी **SSBN** है। यह पनडुब्बी 16 **M**51 बैलिस्टिक मिसाइल ले जा सकती है। ये मिसाइल कई परमाणु वारहेड से लैस होते हैं।

### टाइप 094 पनडुब्बी (जिन-क्लास) (चीन)

ये चीन की बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी हैं। टाइप 094 क्लास पनडुब्बियां 12-16 **JL**-2 बैलिस्टिक मिसाइल ले जाने में सक्षम हैं। टाइप 094 या जिन-क्लास, पहले की चीनी **SSBN** की तुलना में बेहतर स्टील्थ, लंबी मिसाइल रेंज और अधिक पेलोड क्षमता से लैस हैं।

### कोलंबिया-क्लास पनडुब्बी (अमेरिका)

अमेरिका की यह बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी सबसे उन्नत है, लेकिन निर्माण के अंतिम चरण में हैं। अमेरिका ने इनमें से 12 पनडुब्बियां बनाने की योजना बनाई है। ये 16 ट्राइडेंट **II D**5 **LE** बैलिस्टिक मिसाइलों को ले जाने में सक्षम होंगी। कोलंबिया-क्लास को पुरानी ओहियो-क्लास पनडुब्बियों को बदलने के लिए डिजाइन किया गया है।

### यासेन-क्लास पनडुब्बी (रूस)

यह रूस की एक और परमाणु ऊर्जा से चलने वाली क्रूज मिसाइल पनडुब्बी है। यह पी-800 ओनिक्स, कलिब्र क्रूज मिसाइल और संभावित रूप से परमाणु-युक्त क्रूज मिसाइल ले जा सकती है। यासेन-क्लास पनडुब्बियां रूस की सबसे उन्नत मल्टी मिशन पनडुब्बियों में से हैं, जो पारंपरिक और परमाणु दोनों तरह के हमले करने में सक्षम हैं।

### ड्रेडनॉट-क्लास (यूनाइटेड किंगडम)

ये यू.के. की निर्माणाधीन पनडुब्बियां हैं। तैनाती के दौरान ये पनडुब्बियां 16 ट्राइडेंट डी5 एलई मिसाइलों को ले जा सकती हैं। ड्रेडनॉट-क्लास वैनगार्ड-क्लास की जगह लेने के लिए तैयार है, जिसमें स्टेल्थ को बढ़ाने और परिचालन लागत को कम करने के उद्देश्य से आधुनिक तकनीकें हैं।

### वर्जीनिया-क्लास पनडुब्बी (यूनाइटेड स्टेट्स)

यह अमेरिका की परमाणु ऊर्जा से चलने वाली हमलावर पनडुब्बी है। वर्तमान में अमेरिकी नौसेना में 19 वर्जीनिया क्लास पनडुब्बियां हैं। ये संभावित परमाणु-टिप वाली क्रूज मिसाइलों सहित अतिरिक्त हथियारों के लिए टॉमहॉक लैंड अटैक मिसाइल (**TLAM**), स्पीयरफ़िश हेवी टॉरपीडो, हार्पून एंटी-शिप मिसाइल और वर्जीनिया पेलोड ट्यूब (**VPT**) ले जा सकती हैं।


## सिम्स के डीन रहे डॉ. सहारे की याचिका खारिज

**बिलासपुर (हरिभूमि न्यूज)।** हाईकोर्ट ने छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) के डीन रहे डॉ. केके सहारे को दिए गए स्टे को हटा लिया है। इस के साथ ही श्री सहारे की याचिका खारिज कर दी गई है। दरअसल स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बिलासपुर प्रवास के दौरान सिम्स में बैठक ली थी। इस दौरान बैठक में अनुपस्थित रहने पर डीन डॉ.केके सहारे को निलंबित करने का आदेश दिया था, जिसे उन्होंने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने इस पर स्टे दे दिया था। इस स्टे के खिलाफ शासन ने कोर्ट में अपील की। शासन की ओर से कहा गया कि पूरे मामले में अभी जांच चल रही है। कोई नया अपडेट भी नहीं है इसलिए स्टे जारी रखना सही नहीं होगा।



## इस देश में है दुनिया का सबसे अनोखा होटल, जहां लोग शादीशुदा आते हैं और तलाक लेकर जाते हैं

**एम्सटर्डम।** वर्तमान में शादियों के टूटने में बढ़ोतरी हुई है। हर दिन तलाक की खबरें सुनने और पढ़ने को मिलती हैं। तलाक लेने के लिए लोग महीनों कोर्ट-कचहरी के चक्कर लगाते हैं। इसके लिए अब एक नया ट्रंड सामने आया है। तलाक लेने के लिए अब सिर्फ एक से दो दिन ही काफी है। नीदरलैंड्स के एक व्यापारी ने एक नया बिजनेस मॉडल पेश किया है। इस व्यापारी का नाम जिम हाफेन्स है, जिसकी उम्र 33 साल है। दावा है यहां पर लोग शुक्रवार को शादीशुदा होकर चेक इन करते हैं और रविवार तक तलाक लेकर चेक आउट करते हैं।



### क्या काम करता है होटल?

इस होटल में लोगों को तलाक का पूरा पैकेज दिया जाता है। यहां पर वकीलों और मध्यस्थों की टीम मौजूद रहती है। शुक्रवार को होटल में पहुंचे और अपनी शादी खत्म करें। रविवार को तलाक के कागजात लेकर निकल जाएं। इन सभी काम के लिए एक तय फीस है।

### क्यों पड़ी ऐसे होटल की जरूरत?

इस अनोखे होटल में कपल्स को इस तरह का माहौल दिया जाता है, जिससे तलाक को आसान बनाया जाए। तलाक के लंबे और मुश्किल कानूनी रास्तों से गुजरने के बाद एक आसान रास्ता दिया जाए। होटल में ऐसी व्यवस्था बनाई गई है कि एक ही समय में एक साथ कानूनी सलाह, मनोवैज्ञानिक सपोर्ट और मेडिएशन दी जाती है, जिससे तलाक की प्रक्रिया को बिना किसी तनाव के जल्दी और शांतिपूर्वक खत्म किया जा सके।

## सड़क दुर्घटना में दो व्यक्तियों की मौत, बीमा कंपनी को देनी होगी सवा दो करोड़ की क्षतिपूर्ति

**बिलासपुर (हरिभूमि न्यूज)।** मोटर दुर्घटना के एक मामले में जिला कोर्ट ने सवा दो करोड़ रुपए का अवार्ड पारित किया है। यह राशि बीमा कंपनी युनाइटेड इण्डिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को दुर्घटना में मृत दो व्यक्तियों के परिवार को देनी होगी। अष्ठम अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी अनिल प्रभात मिंज की कोर्ट ने क्षतिपूर्ति की यह राशि देने का फैसला दिया है। घटना इस प्रकार है। 28 फरवरी 2021 को बाराद्वार जिला जांजगीर चांपा में सासनापुरी पावनी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। क्षतिपूर्ति राशि के लिए दायर परिवाद में उनके परिवार की ओर से कहा गया कि सासनापुरी पावनी आंध्रप्रदेश के निवासी थे। वे अपने इंजीनियर दोस्त विक्रम इन्द्रजीत, अलबल और बिरेन्द्र प्रसाद सिंह के साथ बोलेरो कमांक बी.आर.01 पी.जे.3168 में सवार होकर जशपुर से बिलासपुर शादी में शामिल होने के लिए आ रहे थे।

**खुलासा** — भूजल के अत्यधिक दोहन से समुद्र का बढ़ जाता है जलस्तर

# पृथ्वी की धुरी में हो रहा बदलाव, 20 साल में ही 31.5 इंच खिसकी

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

एक नई रिसर्च में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। ये रिसर्च कहती है कि भूजल के बहुत ज्यादा दोहन से धरती की धुरी करीब 80 सेंटीमीटर यानी 31.5 इंच तक झुक गई है। पृथ्वी सिर्फ दो दशक (1993 से 2010 के बीच) में 80 सेंटीमीटर पूर्व की ओर झुकी है। रिसर्च कहती है कि 1993 से 2010 के बीच तकरीबन 2,150 गीगाटन भूजल निकाला गया था। इसका एक नुकसान ये भी हुआ कि पानी का ज्यादातर हिस्सा बहकर महासागरों में पहुंचा, जिससे समुद्र का स्तर बढ़ा।

इस रिसर्च को जर्नल 'जियोफिजिकल रिसर्च लेटर्स' में पब्लिश किया गया है। एक्सपर्ट ने पाया है कि धरती से बहुत ज्यादा पानी का निकाला जाना ना सिर्फ पृथ्वी का घूर्णन बदलता है, बल्कि समुद्र के जलस्तर में भी वृद्धि करता है। पॉपुलर मैकेनिक्स के अनुसार, पृथ्वी के झुकाव में यह बदलाव समुद्र के जलस्तर में 0.24 इंच की वृद्धि के बराबर है।

### बर्फ पिघलने से बदल जाता है पृथ्वी का संतुलन

एकस्पर्ट का कहना है कि ग्रीनलैंड और अंटार्कटिका से ग्लेशियरों और ध्रुवीय बर्फ की चादरों के पिघलने से इस पुनर्वितरण में अहम होता है। बर्फ पिघलती है तो पानी भूमध्य रेखा की ओर बहता है, जिससे पृथ्वी का संतुलन बदल जाता है और उसका अक्ष स्थानांतरित हो जाता है। यह प्रक्रिया कुछ वैसी ही है जैसे किसी फिगर स्केटर के हाथ बाहर की ओर फैलाने पर उसका घुमाव धीमा हो जाता है।



### कैसे बदलती है पृथ्वी की धुरी

सियोल नेशनल यूनिवर्सिटी के कीवॉन सियो ने कहा, 'पृथ्वी का घूर्णन ध्रुव वास्तव में बहुत बदलता है। रिसर्च दिखाती है कि जलवायु संबंधी कारणों में भूजल का पुनर्वितरण वास्तव में घूर्णन ध्रुव के झुकाव पर सबसे बड़ा प्रभाव डालता है। पानी इधर-उधर होता है तो पृथ्वी का घूमना बदलता है। पृथ्वी का झुकाव द्रव्यमान के वितरण से प्रभावित होता है।

### धरती के झुकने पर क्यों ध्यान दिया जाना चाहिए?

भूजल पृथ्वी की सतह के नीचे मिट्टी के छिद्रों और चट्टानों की दरारों में जमा पानी है, जो हाइड्रोलॉजिकल साइकिल का हिस्सा बनता है। यह बारिश से जमीन में रिसकर भूमिगत जलभृतों को फिर से भर देता है। ये जलभृत महत्वपूर्ण मीठे पानी के भंडार के रूप में काम करते हैं। इससे पीने का पानी, सिंचाई और औद्योगिक जरूरतों के लिए पानी मिलता है। धरती की धुरी का बदलना मानवीय पैमाने पर महत्वहीन लग सकता है लेकिन भूगर्भीय समय के पैमाने पर इस तरह के बदलाव उल्लेखनीय पर्यावरणीय परिणाम पैदा कर सकते हैं। पानी का पुनर्वितरण विभिन्न क्षेत्रों में समुद्र के स्तर में परिवर्तन को अलग-अलग तरीकों से प्रभावित कर सकता है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com